राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 149 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



भारत का लोकतंत्र पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक : ओम बिरला

## योगी सरकार में स्पोर्ट्स कॉलेजों का बढ़ा क्रेज, 518 सीटों के लिए करीब 2600 आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में खेल संस्कृति को नई पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। योगी सरकार की खेलोन्मुख नीतियों और आधुनिक सुविधाओं का ही असर है कि सत्र 2026-27 में स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस बार प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों की 518 सीटों के लिए करीब 2600 छात्रों ने आवेदन कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश के युवा अब खेलों को केवल शौक नहीं, बल्कि अपने भविष्य और करियर के रूप में देखने लगे हैं।

**पिछले साल 1800 के करीब आए थे आवेदन**

लखनऊ, गोरखपुर, सैफई, सहारनपुर और फतेहपुर समेत कुल 5 स्पोर्ट्स कॉलेज में कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इस साल 2600 के करीब आवेदन आये हैं। जबकि पिछले साल 1800 के करीब आवेदन आए थे। इतनी बड़ी संख्या में आए आवेदन यह साबित करते हैं कि प्रदेश के युवाओं का भरोसा सरकारी खेल संस्थानों पर तेजी से बढ़ी है। इस बार चयन प्रक्रिया को पूरी तरह मेरिट और प्रदर्शन आधारित बनाया गया है। प्रारंभिक चयन परीक्षा 100 अंकों की रखी गई थी, जिसमें 50 अंक



फिजिकल टेस्ट और 50 अंक स्किल एवं गेम टेस्ट के निर्धारित किए गए। दोनों परीक्षाओं में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य किया गया था।

**3 से 6 जून के बीच होगी मुख्य चयन परीक्षा**

प्रारंभिक परीक्षा में सेलेक्ट होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य चयन परीक्षा में शामिल किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा में लखनऊ और कानपुर मंडल में पिछले साल 264 खिलाड़ी शामिल हुए थे, जिसके सापेक्ष में इस वर्ष 393 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। मुख्य चयन परीक्षा भी 100 अंकों की होगी, जिसमें खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता और खेल कौशल का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। खेलवार एवं

**खेल साथी पोर्टल**

> मुख्य चयन परीक्षा का परिणाम खेल साथी पोर्टल पर जारी किया जाएगा और चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कॉलेजवार मुख्य चयन परीक्षा का आयोजन 3-4 जून तथा 5-6 जून को किया जाएगा। इसमें फिजिकल टेस्ट के 50 अंक और गेम व स्किल टेस्ट के 50 अंक निर्धारित किए गए हैं।

**परीक्षा में पास अभ्यर्थियों की होगी जैविक आयु जांच**

फिजिकल टेस्ट में न्यूनतम 40 प्रतिशत यानी 20 अंक प्राप्त करना जरूरी होगा। खेल विशेषज्ञ मैदान पर अभ्यर्थियों की प्रतिभा का परीक्षण करेंगे। इसमें खेल तकनीक परीक्षा (स्किल टेस्ट) के लिए 30 अंक और गेम टेस्ट के लिए 20 अंक निर्धारित किए गए हैं। प्रदर्शन के आधार पर विशेषज्ञ अंक देंगे। मुख्य चयन परीक्षा का परिणाम खेल साथी पोर्टल पर जारी किया जाएगा और चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। मुख्य चयन परीक्षा के बाद अंतिम श्रेष्ठता सूची तैयार कर कॉलेज वेबसाइट, खेल साथी पोर्टल पर जारी किया जाएगा।

## कर्नाटक: सिद्धारमैया का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा, डीके को मिलेगी कमान

### कर्नाटक : सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद छोड़ा, डीके शिवकुमार के नाम का किया प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल की अनुपस्थिति में उनके सचिव को अपना इस्तीफा सौंपा दिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को अपने मंत्रिमंडल के मंत्रियों के साथ अपने आवास पर ब्रेकफास्ट के साथ बैठक कीथी। हालांकि यह बैठक एक घंटा देर से शुरू हुई क्योंकि सिद्धारमैया खुद एक घंटे की देरी से अपने आवास में उस जगह पहुंचे, जहां मंत्रियों के लिए ब्रेकफास्ट की टेबल सजी थी। बैठक में शिवकुमार और सिद्धारमैया ने एक-दूसरे को गले लगाकर एकजुटता का संदेश दिया और शिवकुमार ने सिद्धारमैया के पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया। सिद्धारमैया ने अपने सभी साथियों का धन्यवाद दिया। इसके बाद सिद्धारमैया राजभवन पहुंचे। राज्यपाल की अनुपस्थिति में सिद्धारमैया ने उनके सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके तुरंत बाद कर्नाटक कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की फोटो शेयर करते हुए लिखा,ह्लउस दिन, आज के दिन, हमेशा के लिए एकता ही हमारी शक्ति है! जनसेवा ही हमारी शाश्वत प्रतिबद्धता है! बताया गया कि सिद्धारमैया ने ब्रेकफास्ट बैठक में अपने इस्तीफे का ऐलान करते हुए अगले मुख्यमंत्री के लिए डीके शिवकुमार के नाम का प्रस्ताव भी कर दिया है। हालांकि, मुख्यमंत्री के नाम पर विधायक दल की मोहर लगनी अभी बाकी है। माना जा रहा है कि विधायक दल की बैठक 29 मई की शाम 5 बजे



**संविधान ही हमारा धर्म है, मैं ऐसा मानता हूं: सिद्धारमैया**

सिद्धारमैया ने कहा, संविधान ही हमारा धर्म है, मैं ऐसा मानता हूं। कन्नड़ अभिनेता दिवंगत डॉ. राजकुमार का जिक्र करते हुए सिद्धारमैया ने कहा, राजकुमार अपने प्रशंसकों को भगवान कहते थे। मैं एक राजनेता हूं, मेरे लिए मतदाता ही भगवान हैं। कर्नाटक के 7 करोड़ लोगों की सेवा करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, मुझे दो बार मुख्यमंत्री बनने और दो बार विपक्ष का नेता बनने का अवसर मिला। इसके लिए मैं कांग्रेस आलाकमान का आभारी हूं। उन्होंने कहा कि साल 2006 में कांग्रेस में शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं, विधायकों और सांसदों ने उन्हें भरपूर प्यार और सहयोग दिया।

**मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद सिद्धारमैया ने कहा, कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर इस्तीफा**



**बेंगलुरु** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से गुरुवार को इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल शहर में मौजूद नहीं थे इसलिए उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र राज्यपाल के सचिव को सौंप दिया। इस्तीफा सौंपने के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राज्यपाल शहर में नहीं हैं, उनके रात तक लौटने की जानकारी कार्यालय से मिली। इसलिए अपना इस्तीफा पत्र उनके सचिव को सौंप दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि राज्यपाल के लौटने के बाद मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाएगा। सिद्धारमैया ने स्पष्ट किया कि उन्होंने आलाकमान का निर्देश मिलते ही इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा, मैं पहले से ही कहता आ रहा था कि आलाकमान जब भी निर्देश देगा, मैं इस्तीफा दे दूंगा। उसी के अनुसार निर्देश मिलने के बाद इस्तीफा सौंप दिया।

अपने राजनीतिक जीवन को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैं गांव से आया हुआ व्यक्ति हूं। कभी नहीं सोचा था कि विधायक बनूंगा या मुख्यमंत्री बनूंगा। राजनीति में मेरा आना संयोग था। मेरे परिवार में कोई भी राजनीति में नहीं था।

उन्होंने अपने वैचारिक सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा, मैं बुद्ध, बसवन्ना, डॉ. बी.आर. आंबेडकर और महात्मा गांधी के आदर्शों में विश्वास रखने वाला व्यक्ति हूं।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अनेक केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और पूर्व सांसदों ने भी वीर सावरकर को नमन किया।

## हिमाचल पंचायत चुनाव: दूसरे चरण में रिकॉर्ड 80 फीसदी मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को गांव-गांव लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिला। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद प्रदेश की 1276 पंचायतों में मतदाताओं का उत्साह पूरे दिन बना रहा। सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही पोलिंग बूथों के बाहर लंबी कतारें लग गई थीं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार शाम छह बजे तक प्रदेश में करीब 80 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जो पहले चरण के 78.90 फीसदी मतदान और पिछले पंचायत चुनाव के मतदान से अधिक रहा। हालांकि यह



अंतिम आंकड़ा नहीं है और इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। सुबह 9 बजे तक 21 फीसदी, 11 बजे तक 44 फीसदी और दोपहर एक बजे तक 64 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था। तय समय दोपहर तीन बजे तक मतदान चला, लेकिन जिन मतदान केंद्रों के बाहर कतारें लगी थीं, वहां शाम तक वोट डाले गए।

**सिरमौर और कुल्लू सबसे आगे, कई जिलों में 80 फीसदी के पार पहुंची वोटिंग**

जिलावार मतदान प्रतिशत पर नजर डालें तो कुल्लू में सबसे ज्यादा 85.52 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जबकि सिरमौर में 85.16 फीसदी वोट पड़े।

## भाजपा ने चार राज्यों में बदले प्रदेश अध्यक्ष, दिल्ली की कमान हर्ष मल्होत्रा को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और त्रिपुरा में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की है। पार्टी द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। भाजपा ने दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, हरियाणा में महिला नेता अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने पंजाब में भी संगठनात्मक बदलाव किया है। पार्टी ने पंजाब भाजपा की कमान केवल सिंह ढिल्लों को सौंपी है। इसके अलावा त्रिपुरा में विधायक अभिषेक देबरॉय को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि नए प्रदेश अध्यक्ष संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## कचरा निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को गुरुग्राम पहुंचकर बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट में चल रहे कचरा निस्तारण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन होने वाले कचरा निस्तारण कार्य की रिपोर्ट हर 24 घंटे में उनके पास भेजने के भी निदेश दिए।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने साइट को जल्द से जल्द साफ करने के उद्देश्य से एजेंसियों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि कचरा निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर साइट को पूरी तरह साफ किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए अलग साइट की पहचान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि पुराने कचरे के निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के उपरांत केंद्रीय मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम व फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता नगर निगमों का प्राथमिक कार्य है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की है। सरकार का लक्ष्य देश के 50 शहरों को चयनित कर उन्हें स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहरों के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि शहर देश की पहचान होते हैं और विदेश से आने वाले लोग सबसे पहले इन्हीं शहरों को देखते हैं।

> कचरा निस्तारण कार्य में तेजी लाने के लिए एजेंसियों की संख्या बढ़ाने और ड्रोन सर्वे के दिए निर्देश

## कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के विश्वास ने दी ऐतिहासिक जीत: सीएम सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और जनता के विश्वास का परिणाम है। भीषण गर्मी के बीच कार्यकर्ताओं ने लगातार जनसंपर्क किया, जिसका नतीजा महापौर और पार्षदों की बड़ी जीत के रूप में सामने आया। मुख्यमंत्री गुरुवार को दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में आयोजित नगर निगम सोनीपत के नव-निर्वाचित महापौर राजीव जैन और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में नव-निर्वाचित महापौर राजीव जैन और सभी पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मंडल आयुक्त राजीव रतन ने सभी को शपथ दिलाई।

समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यही परंपरा पार्टी को अन्य दलों से अलग पहचान देती है।

मुख्यमंत्री ने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरना जरूरी है। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को लगातार आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

## हर्ष मल्होत्रा ने संभाला भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) दिल्ली प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने उन्हें कार्यभार सौंपा।

## ट्विशा केस-सीबीआई ने रिटायर्ड जज सास को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** राजधानी भोपाल की हाईप्रोफाइल ट्विशा शर्मा केस में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को भोपाल पुलिस ने सात घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार और बुधवार को लगातार कई घंटे तक सीबीआई ने पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी थी। गुरुवार सुबह नई दिल्ली से सीबीआई की आधा दर्जन महिला पुलिसकर्मियों-अधिकारियों के



भोपाल पहुंचने के बाद गिरफ्तारी की पटकथा लिखी गई। तकरीबन शाम 6 बजे सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह का मेडिकल कराने भोपाल एम्स ले जाने के लिए घर से निकली है।

यह कार्रवाई मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एक दिन पहले गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द किए जाने के बाद की गई। त्विषा शर्मा की 12 मई को भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उनकी शादी 9 दिसंबर 2025 को समर्थ सिंह से हुई थी। गिरिबाला सिंह ने घटना के दो दिन बाद भोपाल जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। 10वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 15 मई को उनकी उम्र और मृतका को किए गए पैसों के ट्रांसफर का हवाला देते हुए जमानत दे दी थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने बुधवार को 17 पन्नों के आदेश में इस जमानत को निरस्त कर दिया। गुरुवार सुबह दस बजे सीबीआई की विशेष टीम महिला पुलिसकर्मियों के साथ बागमुगालिया एक्सटेंशन स्थित गिरिबाला सिंह के घर पहुंची थी।

> ट्विशा शर्मा केस में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को सात घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया

# योगी सरकार की किसान हितैषी पहल, अनाज खरीद में रिकॉर्ड भुगतान से जीता भरोसा

51 लाख किसानों को 45 हजार करोड़ से अधिक का सीधा लाभ, यूपी में 5,837 गेहूं क्रय केंद्र, खरीद व्यवस्था मजबूत, धान-बाजरा-ज्वार खरीद से किसानों की आय में इजाफा, योगी सरकार की ओर से किसानों को 45,935.46 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्रदेश में गेहूं खरीद को सुचारु बनाने के लिए 5,837 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए गए

**भुगतान**

योगी सरकार की ओर से किसानों को 45,935.46 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में खाद्य तथा रसद विभाग ने किसानों और गरीब परिवारों के लिए मजबूत सुरक्षा कवच का काम किया है। रबी विपणन वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक प्रदेश में गेहूं खरीद अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया गया। इस दौरान कुल 51,70,117 किसानों को लाभ मिला। योगी सरकार की ओर से किसानों को 45,935.46 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्रदेश में गेहूं खरीद को सुचारु बनाने के लिए 5,837 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए गए, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सहूलियत मिल रही है।

योगी सरकार की प्राथमिकता रही कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ समय पर मिले और उन्हें बिचौलियों पर निर्भर न रहना पड़े। यही वजह रही कि खरीद प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है।

**विभिन्न फसलों की खरीद से लाखों किसानों को मिला सीधा फायदा**

खाद्य तथा रसद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीद के क्षेत्र में प्रदेश ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक धान खरीद से 80,39,539 किसानों को लाभ पहुंचाया गया। किसानों को इसके बदले 1,03,694.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।



## योगी सरकार में जल गुणवत्ता का परीक्षणः जल जीवन मिशन बना ग्रामीण महिलाओं की आय का नया जरिया

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) अभियान को महिला सशक्तीकरण और स्वावलंबन का बड़ा जरिया बना दिया है। प्रदेश के 97 हजार से अधिक गांवों में महिलाओं के विशेष समूह को इससे जोड़कर न केवल स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण ग्रामीण जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम भी बनाया गया है। गांवों में पानी की शुद्धता जांचने के बदले मिलने वाले मानदेय से ग्रामीण महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय और स्वरोजगार के नए रास्ते भी खुले हैं।

नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रभास कुमार ने बताया कि इस मिशन के तहत प्रदेश के लगभग समस्त ग्राम पंचायतों और राजस्व गांवों में 05-05 महिलाओं के समूह को फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई गयी है। वर्तमान में प्रदेश के लगभग 97,070 गांवों में इन प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा पूरी सक्रियता के साथ जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य किया जा रहा हैं। यह महिलाएं अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों एवं घरेलू नलों के जल नमूनों की नियमित जांच कर रही हैं। गुणवत्ता जांच की इस निरंतरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस चालू वित्तीय वर्ष में अब तक लगभग 63,700 जल गुणवत्ता नमूनों का परीक्षण पूरा किया जा चुका है।

**पानी की जांच के लिए लंबा इंतजार खत्म**

ग्राम स्तर पर यह महिलाएं एफटीके के जरिए पाइप लाइन, ट्यूबवेल समेत अन्य पेयजल स्रोतों में हानिकारक रसायनों और बैक्टीरिया का पता लगा रही हैं। संदिग्ध या दूषित जल स्रोतों की समय पर पहचान होने पर विभाग को तुरंत सूचना देती हैं, ताकि दूषित पानी से होने वाली विभिन्न जलजनित बीमारियों की रोकथाम तुरंत की जा सके। पहले जहां पानी की जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से दूषित जल स्रोतों का पता चलते ही उन पर तत्काल कार्रवाई करना संभव हो पा रहा है।

### अतिरिक्त आय और स्वरोजगार का माध्यम

यह कार्यक्रम न केवल पानी की शुद्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का जरिया भी बन रहा है। फील्ड टेस्टिंग कार्य से जुड़ी इन महिलाओं को उनके द्वारा किए जाने वाले परीक्षण कार्य के लिए निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान (मानदेय) किया जा रहा है। इन्हें प्रति जांच 20 रुपये की दर से अधिकतम 20 जांच के लिए 400 रुपये का भुगतान मिल रहा है।

यह व्यवस्था ग्रामीण परिवेश में रह रही महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय अर्जित करने और स्वरोजगार से जुड़ने का एक बेहतरीन माध्यम बन गई है।

**महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण**

महिलाओं को इस कार्य के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'जल गुणवत्ता निगरानी एवं सर्विलांस कार्यक्रम' के तहत विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।

## जनभागीदारी से मिलेगा निराश्रित गोवंश को सहाराः भूसा दान आदेश नहीं, लोक कल्याण का पुनीत अभियान



**बरेली।** निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा दान को लेकर जारी किए गए पत्र पर बरेली की बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) डॉ. विनीता ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि यह किसी प्रकार का आदेश या दबाव नहीं, बल्कि लोकहित और जीव सेवा का स्वैच्छिक अभियान है। प्रदेश सरकार गो संरक्षण और निराश्रित गोवंश के पालन-पोषण को लेकर लगातार बड़े कदम उठा रही है। सनातन संस्कृति, लोक कल्याण और जनभागीदारी की भावना को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे इस अभियान को अब समाज का भी व्यापक समर्थन मिलने लगा है। बीएसए ने कहा कि इसी कड़ी में बीएसए कार्यालय की ओर से 22 मई 2026 को जारी पत्र में निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए भूसा दान की अपील की गई थी। यह कदम जीव-कल्याण के प्रति मानवीय संवेदना के तहत उठाया गया था, इसे किसी प्रकार के दबाव या आदेश के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए था। मीडिया में इसे भावना के विपरीत दृष्टिकोण से पेश किया गया। इस पत्र में अब आंशिक संशोधन करते हुए स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी तरह से स्वैच्छिक सहयोग है। इसमें किसी भी शिक्षक या अन्य स्टाफ पर किसी प्रकार की बाध्यता या दबाव नहीं है। डॉ. विनीता ने मीडिया से अपील की कि इसे आदेश के रूप में न देखा जाए, बल्कि यह समाज और संस्कृति के संरक्षण से जुड़ा एक पुण्य कार्य है।

## काजीपेट रेल निर्माण इकाई का काम लगभग पूरा, जल्द शुरू होगा इंटरसिटी रेलगाड़ियों का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय रेलवे की काजीपेट रेल निर्माण इकाई लगभग अंतिम चरण में है और जल्द ही यहां से इंटरसिटी रेलगाड़ियों का निर्माण शुरू होगा। अगले पांच वर्षों में इस इकाई से 200 इंटरसिटी रेलगाड़ियों का निर्माण किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने यहां गुरुवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ काजीपेट रेल निर्माण इकाई की समीक्षा बैठक की। इस दौरान इकाई को शीघ्र चालू करने की योजना पर चर्चा हुई। वैष्णव ने कहा कि इन गाड़ियों को देशभर में छोटी दूरी की यात्रा के लिए संचालित किया जाएगा। लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली ये गाड़ियां कई ठहरावों के साथ छात्रों, कामकाजी लोगों और आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक आवागमन का साधन बनेंगी।



ये इंटरसिटी रेलगाड़ियां शटल सेवा की तरह काम करेंगी और आसपास के नगरों को जोड़ेंगी। इससे बड़ी संख्या में स्थानीय यातायात सड़कों से रेलमार्ग की ओर स्थानांतरित होगा।

## मप्र में 104 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का उपार्जन हुआ है। प्रदेश को गेहूं खरीदी के लिये 78 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से केन्द्र सरकार द्वारा इस लक्ष्य को 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुरुवार को बताया कि मध्य प्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 13 लाख 41 हजार 266 किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नम्बर-1 है, वहीं गेहूं उपार्जन के मामले में पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है। प्रदेश में लघु एवं सीमांत किसानों से सबसे पहले गेहूं की खरीदी की गई। कुल 8 लाख 9 हजार 990 सीमांत एवं लघु कृषकों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये थे, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी थी।

## शिक्षा मंत्रालय कुप्रबंधन का अड्डा बन गयाः कांग्रेस

**साधा निशाना**

प्रधान ने आश्वासन दिया कि यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर लगातार चुनावी हारों वाले बयान पर पलटवार किया है। रमेश ने कहा कि ऐसे बयान ही उनकी पहचान है, जबकि उन्होंने लाखों विद्यार्थियों के लिए अराजकता पैदा की और बतौर मंत्री पूरी तरह अक्षम साबित हुए हैं। रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोप लगाया कि प्रधान ने न केवल संसदीय स्थायी समिति की गरिमा को ठेस पहुंचाई, बल्कि अब विपक्ष के नेता पर भी हमला कर रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय कुप्रबंधन का अड्डा बन गया है। उन्होंने कहा कि एनईईटी और सीबीएसई विवादों की जिम्मेदारी सरकार पर है, जिन्होंने 2024 में एनटीए की विफलता के बाद भी प्रधान को बचाए रखा। इससे पहले धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था कि राहुल गांधी चुनावी हार की कुंठा के कारण देश की वैज्ञानिक प्रगति का विरोध कर रहे हैं। प्रधान ने विद्यार्थियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस प्रणाली में हुई किसी भी असुविधा की जिम्मेदारी वे स्वयं लेते हैं।



## पीएमएवाई-जी के तहत 12 राज्यों को 10,021 करोड़ रुपये का फंड जारी

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत 12 राज्यों को 10,021.42 करोड़ रुपये का फंड जारी किया। इस मौके पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी भी उपस्थित थे। जिन राज्यों को फंड की स्वीकृति जारी की गई उसमें- असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु एवं उत्तर प्रदेश शामिल हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजस्थान के मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, असम के मंत्री अतुल बोरा, झारखंड की मंत्री दीपिका पांडे, ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव रोहित कंसल समेत केंद्र और विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत 4.95 करोड़ घरों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 3.91 करोड़ घरों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

## पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा- पर्यावरण संरक्षण सभी का सामूहिक दायित्व

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि वृक्षा पौधरोपण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है और पर्यावरण संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने यह विचार आज नरेला विधानसभा से पूर्व विधायक और पिता स्वर्गीय इंद्राज सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया। मंत्री ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय इंद्रा सिंह सदैव समाज सेवा और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते थे। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अपने व्यवसाय से पूरी तरह संतुष्ट थे, लेकिन उनके पिता द्वारा कराए गए विकास कार्यों और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता से प्रभावित ग्रामीणों ने उन्हें राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। उनके पिता हमेशा उन्हें समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित करते रहे। मंत्री ने कहा कि सरकारी जिम्मेदारियों के साथ समाज के कल्याण की जिम्मेदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और वे इसे पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बवाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में विकास कार्यों को गति दी जा रही है।



## मानकों के अनुरूप विकसित किए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अधिक व्यय के दावे भ्रामक : स्वास्थ्य मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दावा किया है कि दिल्ली में स्वास्थ्य अवसंरचना विस्तार का कार्य पूर्ण पारदर्शिता तथा भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वीकृत वित्तीय मानकों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत बजट एवं वास्तविक फंड रिलीज के तथ्यों की अनदेखी कर वित्तीय आंकड़ों की गलत व्याख्या करना स्वास्थ्य पहल को लेकर अनावश्यक भ्रम उत्पन्न कर सकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर किए गए व्यय को लेकर भ्रामक दावों के संदर्भ में यह स्पष्ट कहा कि इन केंद्रों का विकास एवं संचालन सरकार द्वारा निर्धारित वित्तीय मानकों, तकनीकी दिशा-निर्देशों तथा अनुमोदित फंडिंग ढांचे के अनुरूप किया गया है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मॉडल के अंतर्गत स्वास्थ्य अवसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं सेवा उन्नयन के लिए एक निश्चित वित्तीय ढांचा निर्धारित किया गया है। प्रत्येक केंद्र के लिए अवसंरचना उन्नयन के लिए 25 लाख रुपये तथा फर्नीचर, फिक्स्चर एवं आवश्यक कार्यात्मक सुविधाओं के लिए 1 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। सभी कार्य इन्हीं स्वीकृत वित्तीय प्रावधानों के अंतर्गत किए गए हैं, जिससे सेवा गुणवत्ता, मरीजों के अनुभव, डायग्नोस्टिक क्षमता तथा प्राथमिक स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान दिल्ली में नागरिकों को सुलभ एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत कुल 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित किए गए। इन केंद्रों का विवरण निम्नानुसार है। 244 केंद्र- पीए-एबीएचआईएम (प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन) के अंतर्गत, 126 केंद्र- एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के अंतर्गत है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन परियोजनाओं के लिए जारी की गई धनराशि, स्वीकृत योजना प्रावधानों एवं उपयोग संबंधी मानकों के पूर्ण अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि पीए-एबीएचआईएम के अंतर्गत 58.30 करोड़ रुपये, एनएचएम के अंतर्गत 8.50 करोड़ रुपये और कुल 66.80 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। वर्तमान में संचालित केंद्रों पर इससे कहीं अधिक व्यय किए जाने संबंधी दावे भ्रामक हैं।




शादियों का सीजन है, डेस्टिनेशन वेडिंग करनी है, लेकिन शहर से बहुत दूर नहीं जाना चाहते?, चिंता मत करिए....नवा रायपुर है ना!

## नवा रायपुरः अब सिर्फ राजधानी नहीं, मध्य भारत का उभरता वेडिंग डेस्टिनेशन

**टीम एक्शन इंडिया**

रायपुरः शादी की तारीख तय होते ही सबसे पहला सवाल आता है लोकेशन क्या होगी? और यही सवाल धीरे-धीरे सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। विकल्प तो कई हैं, लेकिन हर विकल्प के साथ कोई न कोई समझौता जुड़ा होता है।

देश के चर्चित वेडिंग डेस्टिनेशन्स की बात करें तो उदयपुर बेहद खूबसूरत है, लेकिन वहां शादी के लिए महीनों नहीं, कई बार सालों पहले बुकिंग करनी पड़ती है। गोवा में समुद्र और शानदार माहौल है, लेकिन भीड़भाड़ के कारण निजीपन का एहसास कम हो सकता है। पहाड़ों में दृश्य आकर्षक होते हैं, लेकिन वहां हर छोटी व्यवस्था संभालना थका देने वाला हो जाता है। केरल अपनी हरियाली के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन मौसम को लेकर असमंजस बना रहता है। और विदेशों में शादीः वहां पहुंचने से पहले ही आधी ऊर्जा कागजी प्रक्रियाओं में खत्म हो जाती है। यानी अक्सर भव्यता और सुविधा में से किसी एक को चुनना पड़ता है। दोनों का संतुलन अब भी दुर्लभ माना जाता है। लेकिन अब एक ऐसा शहर सामने आ रहा है, जो इस सोच को बदलता नजर आ रहा है वह है नवा रायपुर। अब तक इसे योजनाबद्ध विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और हरित वातावरण के लिए जाना जाता था। लेकिन पिछले कुछ समय में यह एक नई वजह से चर्चा में आने लगा है, डेस्टिनेशन वेडिंग्स। और यह चर्चा किसी बड़े प्रचार अभियान से नहीं, बल्कि लोगों के अनुभवों से फैली है। उन परिवारों के अनुभवों से, जिन्होंने यहां शादियां आयोजित कीं। उन फोटोग्राफरों की सलाह से, जिन्होंने यहां शूट किए। और उन तस्वीरों से, जो सोशल मीडिया पर बिना किसी प्रयास के लोगों का ध्यान खींच लेती हैं। नेवी ऑफिसर श्री साई राम कहते हैं कि हम शहर से बहुत दूर नहीं जाना चाहते थे, लेकिन प्रकृति के बीच शूट करना चाहते थे। इसलिए हमने नवा रायपुर चुना, क्योंकि यह रायपुर के पास भी है और बेहद खूबसूरत भी। इसी तरह वित्त प्रबंधक श्री अरिजीत बनर्जी का कहना है कि नवा रायपुर बहुत खूबसूरत शहर है। हमने यहां कुछ शानदार तस्वीरें लीं और अब मेरे रिश्तेदार बार-बार उस लोकेशन के बारे में पूछते रहते हैं।



**जहां शादी 'मैनेज' नहीं करनी पड़ती.. बस जी जाती है**

डेस्टिनेशन वेडिंग का असली दबाव सजावट या मेन्यू में नहीं, बल्कि व्यवस्थाओं में होता है। और यहीं नवा रायपुर बाकी शहरों से अलग नजर आता है। यहां बारात ट्रैफिक में नहीं फंसती, समय पर पहुंचती है। मेहमान कार्यक्रम मिस नहीं करते, बल्कि हर रस्म का हिस्सा बनते हैं। एक जगह से दूसरी जगह जाना भागदौड़ नहीं, बल्कि सहज अनुभव लगता है। यहां चीजों को संभालना नहीं पड़ता, वे पहले से व्यवस्थित महसूस होती हैं।

मेहमानों के अनुभव में भी यही फर्क दिखाई देता है। नवा रायपुर तक पहुंचना आसान है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पास है, सड़कें चौड़ी और सुगम हैं, और सफर थकाने के बजाय आरामदायक महसूस होता है। लोग यहां पहुंचते ही कार्यक्रम का हिस्सा बन जाते हैं, उन्हें पहले यात्रा की थकान से उबरने की जरूरत नहीं पड़ती।

# मुख्यमंत्री ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए खोला घोषणाओं का पिटारा

**पुष्प उत्पादन**

**बागवानी विविमें पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, और रोगों के नए विषयों पर भी मास्टर डिग्री और पीएचडी की होगी शुरूआत : नायब**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, पौध कीट नियंत्रण और रोगों के नए विषयों पर भी मास्टर डिग्री और पीएचडी की शुरूआत की जाएगी। जबकि विश्वविद्यालय द्वारा बागवानी के क्षेत्र में अभी तक तीन विषयों फलों, सब्जियों और पुष्प उत्पादन में मास्टर डिग्री और पीएचडी करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार द्वारा 14 होर्टिक्लच्चर साईस सेंटर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय को समर्पित किए जा रहे हैं। ये केंद्र किसानों तक नवीनतम तकनीकों व गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री पहुंचाने और वैज्ञानिक परामर्श देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि ये केंद्र विश्वविद्यालय और किसानों के बीच मजबूत सेतु का काम करेंगे।

नायब सिंह सैनी आज महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल व लेफ्टिनेंट अमित मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह राष्ट्रीय सम्मेलन अमृतकाल में बागवानी फसलों के लिए गुणवत्ता युक्त बीज एवं रोपण सामग्री का रणनितिक प्रतिमान विषय पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने दीपशिखा प्रज्वलित कर राष्ट्रीय सम्मेलन का विधिवत रूप से शुभ आरंभ किया और शहीद लेफ्टिनेंट अमित के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने इस समारोह में बागवानी वैज्ञानिक व प्रगतिशील किसानों को शील्ड, शाल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में बागवानी विश्वविद्यालय के उप कुलपति डा. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री, विधायकगण व अन्य अतिथियों को महाराणा प्रताप की मूर्ति भेट कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि दानवीर कर्ण की इस पावन धरती करनाल में सीएसएसआरआई के इस परिसर में




आकर मन को बड़ी प्रसन्नता और संतोष हो रहा है। जब देश के कोने कोने से आए वैज्ञानिक, शोधकर्ता और कृषि विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित होते हैं तो यह केवल एक सम्मेलन नहीं होता, यह राष्ट्र की सोच का संगम होता है। यह सम्मेलन भारत की कृषि और बागवानी के भविष्य की नई इबारत लिखने का अवसर है। इस आयोजन के लिए महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय परिवार को, इसके वैज्ञानिकों को, शोधकताओं को और सभी सहयोगी संस्थाओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व में फलों व सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। देश में प्रतिवर्ष लगभग 360 मिलियन टन से अधिक बागवानी उत्पादन होता है। आज भारत आम, केला, अमरूद, अनार जैसे फलों और आलू, प्याज सहित कई अन्य सब्जियों के उत्पादन में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। लेकिन, यह भी सच है कि उत्पादन के बावजूद गुणवत्ता, ग्रेडिंग, रोगमुक्त पौध सामग्री और पोस्ट.हार्वेस्ट प्रबंधन की कमी के कारण हमें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का शिलान्यास स्वयं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा 9 दिसंबर, 2024 को किया गया था। जब नरेंद्र मोदी किसी संस्थान का शिलान्यास करते हैं तो वह शिलान्यास केवल ईंट-पत्थर का नहीं होता, वह होता है एक नए भविष्य का, एक नई संभावना का।

सीएम ने कहा कि मुझे विशेष प्रसन्नता है कि इतने कम समय में इस विश्वविद्यालय ने जो मुकाम हासिल किया है, वह असाधारण है। शिक्षा हो, अनुसंधान हो या किसान सेवा हर क्षेत्र में इस संस्थान ने अपनी अलग पहचान बनाई है। यहाँ विकसित तकनीकें, यहाँ के प्रशिक्षण कार्यक्रम और किसानों के साथ निरंतर संवाद यह सब मिलकर हरियाणा की बागवानी क्रांति को एक नई ऊर्जा, एक नई रफ्तार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्त राष्ट्र के समक्ष विकसित भारत 2047 का एक महान संकल्प रखा है और यह संकल्प केवल आर्थिक विकास का नहीं है-यह आत्मनिर्भर कृषि का संकल्प है, पोषण सुरक्षा का संकल्प है, वैज्ञानिक नवाचार का संकल्प है और करोड़ों किसानों की समृद्धि का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यदि भारत को आने वाले दशकों में एक वैश्विक कृषि महाशक्ति के रूप में स्थापित होना है तो उसकी नींव कहाँ रखी जाएगी, वह नींव रखी जाएगी खेत में बोए जाने वाले एक-एक बीज में, लगाए जाने वाले एक-एक पौधे की गुणवत्ता में। क्योंकि कृषि का भविष्य केवल मिट्टी में नहीं छिपा है। कृषि का भविष्य छिपा है उस बीज में, उस पौधे में, उस वैज्ञानिक सोच में जो आज इस जैसे विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में पल्लवित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया इस बात को स्वीकार कर रही है कि गुणवत्तायुक्त बीज और पौध से कृषि उत्पादकता में 15 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। जबकि, रोग मुक्त एवं प्रमाणित पौध सामग्री बागवानी फसलों में उत्पादन और गुणवत्ता दोनों को 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न शोधों के अनुसार भारत में बागवानी फसलों का लगभग 15 से 20 प्रतिशत उत्पादन कटाई के बाद खराब हो जाता है। यदि हम गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री, वैज्ञानिक प्रबंधन और आधुनिक सप्लाई चेन पर ध्यान दें, तो यह नुकसान करोड़ों किसानों की आय में बदल सकता है।

हरियाणा ने हरित क्रांति में देश का नेतृत्व किया। हमारे किसानों की मेहनत और वैज्ञानिकों के अनुसंधान ने देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में बागवानी क्षेत्र का लगातार विस्तार कर रहे हैं। फल, सब्जियां, मशरूम, फूल, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती किसानों के लिए आय का नया स्रोत बन रही है। आज हरियाणा के अनेक किसान ड्रिप इरिगेशन, पॉलीहाउस, नेट हाउस, हाई-डेंसिटी प्लांटेशन और टिश्यू कल्चर आधारित खेती से पारंपरिक कृषि की तुलना में कई गुना अधिक पैदावार लेकर ज्यादा कमा कर रह है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बागवानी क्षेत्र में किसानों के हित के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए वर्ष 2030 तक बागवानी क्षेत्र को दोगुना व उत्पादन को तीन गुणा करने का लक्ष्य रखा है। बागवानी के लिए प्रदेश में 13 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वित्त वर्ष के बजट में सभी जिलों में स्मार्ट बागवानी तकनीकों जैसे संरक्षित खेती एरोपोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीन हाउस, वर्टिकल फार्मिंग व ई-पेस्ट के अंतर्गत कुल 1,000 एकड़ क्षेत्र को लाने का भी प्रावधान किया है। प्रदेश में ग्रामीण हाट मंडियां स्थापित की जाएगी, जिन्हें किसान उत्पादक संगठनों के पैक हाउसेस से लिंक किया जाएगा। पहली ग्रामीण हाट मंडी का उद्घाटन किसान दिवस के मौके पर 23 दिसम्बर, 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 में बागवानी फसलों के पंजीकरण के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को पूरे वर्ष संचालित किया जाएगा। एक कोल्ड चेन नीति लागू कर भंडारण, मूल्य स्थिरता तथा निर्यात बढ़ोतरी लाने का भी प्रस्ताव किया गया है।

## इंद्री में हर्षोल्लास से मनाई गई ईद-उल-अजहा, मस्जिदों में अमन-चैन की मांगी दुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 28 मई ( मैनपाल कश्यप)**

ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व बीरवार को इंद्री क्षेत्र में धार्मिक श्रद्धा, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए वस्त्र पहनकर मस्जिदों में पहुंचे, जहां विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान देश, प्रदेश और पूरे विश्व में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी गई। इंद्री की मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद मदरसे के प्रिंसिपल हजरत मौलाना रशीद वफा नदवी साहब ने क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, कुबार्नी और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम अल्लाह तआला के सच्चे और नेक पैगम्बर थे।



अल्लाह की राह में अपनी सबसे प्रिय चीज कुर्बान करने की परीक्षा में उन्होंने अपने बेटे हजरत इस्माईल की कुबार्नी देने का संकल्प लिया। उनकी सच्ची नीयत और ईमानदारी से खुश होकर अल्लाह तआला ने हजरत इस्माईल की जगह एक मैमने की कुबार्नी कबूल फरमाई। उसी याद में पूरी दुनिया के मुसलमान ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें त्याग, सब्र, प्रेम और आपसी भाईचारे की सीख देता है। समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी को मिलजुलकर रहना चाहिए। इस अवसर पर कारी इनाम, कारी मुनव्वर, रईस, उस्मान, सुलेमान, मुश्ताक, निजामुद्दीन, इंतिजार, यमीन, सलीम, हमीद, इम्तियाज, ताहिर हसन, इकराम, यासीन, असगर, यूसुफ, बहादुर, दुद्दा, आकिल, करार, मीर हसन, कला, राजू, दिलशाद, हुकमदीन, साना और बबली सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## पेट्रोलियम और गैस के दाम बढ़ने से मध्यम और गरीब वर्ग परेशान

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर, 28 मई।** इनेलो प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सुढ़ैल ने बीजेपी की केंद्र और हरियाणा सरकारों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह सरकार जनता की जेब काटने वाली सबसे बड़ी लुटेरी सरकार साबित हुई है। पेट्रोल-डीजल में 7.50 रुपये प्रति लीटर, घरेलू गैस सिलेंडर में 110 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 993 रुपये की मनमानी बढ़ोतरी न सिर्फ लूट है, बल्कि जनता के साथ खुली बर्बरता है। प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सुढ़ैल ने कहा कि बीजेपी सरकार ने पेट्रोलियम और गैस को राजनीतिक हथियार बना लिया है। जब चुनाव आते हैं तो कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल होने पर भी दाम नहीं बढ़ाए जाते, वोट लूट लिए जाते हैं। और जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं, कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे गिर जाने के बावजूद जनता की कमर तोड़ दी जाती है।

## पंचकूला में महिला से अश्लील हरकतें करने के आरोप में मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला मैनपाल।** पंचकूला के सेक्टर-10 पुलिस चौकी क्षेत्र में एक महिला के साथ सार्वजनिक स्थान पर कथित अश्लील हरकतें और अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी हरी हरिश्चंद्र हंस सेक्टर 11 के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित परिवार किसी शिकायत के संबंध में सेक्टर-10 चौकी पहुंचा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान चौकी के बाहर पार्किंग एरिया में मौजूद हरी हरिश्चंद्र हंस नामक व्यक्ति ने महिला की ओर गंदे इशारे करने शुरू कर दिए और अश्लील हरकतें कीं। बताया जा रहा है कि आरोपी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया गया। यह पूरी घटना आसपास लगे कैमरों में भी कैद हो गई।

मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत और उपलब्ध वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 79 और 296 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-10 चौकी इंचार्ज ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला चौकी के बाहर पार्किंग क्षेत्र में बैठी हुई थी। इसी दौरान आरोपी ने सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज की, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और महिला की लज्जा भंग करने की नीयत से अशोभनीय इशारे किए।

पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी पहले भी एक गंभीर आपराधिक मामले में नामजद रह चुका है और धारा 307 के मामले में फिलहाल जमानत पर बाहर बताया जा रहा है।

**न्यूज फ्लैश**

## एक दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का किया गया आयोजन



₹डिजास्टर मैनेजमेंट डोमेन 2 स्टेम ₹ एवं ₹स्टोरीटेलिंग एज पेडागोजी डोमेन 2 ₹ समालखा (संजय नरवाल) कार्यशाला में 28 मई को महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास हेतु ₹ डिजास्टर मैनेजमेंट डोमेन 2 स्टेमह्व तथा ह्लस्टोरी टेलिंग एज पेडागोजी डोमेन 2ह्व विषयों पर एक दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, आपदा प्रबंधन कौशल तथा प्रभावी अध्यापन तकनीकों से परिचित कराना था। कार्यशाला के प्रथम सत्र में ह्लडिजास्टर मैनेजमेंट डोमेन 2 स्टेमह्व विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रबंधन समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल तथा प्राचार्या अलका शर्मा और कोऑर्डिनेटर रजनी बरेजा के प्रयास द्वारा यह कार्य शाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसकार्यशाला में रिसोर्स पर्सन सुखविंदर सिंह ने विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय तथा विद्यालय स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। स्टेम आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों में समस्या समाधान क्षमता, वैज्ञानिक सोच तथा आपदा के समय त्वरित निर्णय लेने के कौशल विकसित करने के उपाय बताए गए। शिक्षकों ने समूह गतिविधियों एवं प्रायोगिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सक्रिय सहभागिता निभाई। द्वितीय सत्र ह्लस्टोरीटेलिंग एज पेडागोजी डोमेन 2ह्व पर आधारित रहा। इस सत्र में कहानी-कथन को प्रभावी शिक्षण विधि के रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार रोचक कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों में कल्पनाशक्ति, भाषा कौशल, नैतिक मूल्यों तथा विषय के प्रति रुचि विकसित की जा सकती है। कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रही।

## 13 साल बाद हाईकोर्ट से मिली बड़ी न्याय की जीत, न्यायाधीश की अनिवार्य सेवानिवृत्ति रद्द बोले मिलेंगे सभी लाभ

**इंद्री, 28 मई (मैनपाल कश्यप ):** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय (पीएचएचसी) ने न्यायाधीश बसेशर सिंह को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2013 में जारी अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को अवैध घोषित कर रद्द कर दिया है। अदालत के इस फैसले को सरकारी कर्मचारियों से जुड़े मामलों में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। हाई कोर्ट के फैसला तिथि 26 मई 2026 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा 17 सितंबर 2013 को जारी आदेश में बसेशर सिंह को 50 वर्ष की आयु पूरी होने पर ह्लजनहितह्व का हवाला देते हुए समय से पहले सेवा से हटाया गया था। न्यायाधीश ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश कानूनी रूप से सही नहीं था और इसमें कई त्रुटियां थीं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पंजाब सिविल सेवा नियम (खंड-2) के नियम 5.32ए(सी) तथा नियम 3.26(घ)(८) के तहत की गई कार्रवाई उचित आधारों पर नहीं थी। इसी के चलते अदालत ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुलिस** प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर कलानौर बॉर्डर होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल कुमार, हुस्न संदीप, जितेन्द्र, योगेश, नरेश नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा संभावित स्थान पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।

पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की, तो मोटरसाइकिल के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। गहन पूछताछ करने पर उक्त मोटरसाइकिल चोरी की निकली। आरोपी ने स्वीकार किया कि यह बाइक उसने 19 मई को थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र से चोरी की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गाँव दौलत पूर निवासी इंतजार पुत्र हामिद के रूप में हुई। आरोपी से आगे पूछताछ करने पर उसके कब्जे से चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गईं। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने दूसरी बाइक 26 मई 2026 को चोरी की थी। इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी द्वारा की गई बरामदगी से वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

## अल्ट्रामैन ऑस्ट्रेलिया 2026 फिनिश कर करनाल लौटे राहुल

**विशेष स्वागत**

**राहुल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल करनाल, बल्कि पूरे भारत का नाम किया है रोशन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के धावकों के लिए आज का दिन गर्व और उत्साह से भरा रहा। जैसे दुनिया के सबसे कठिन एंड्योरेंस ट्रायथलॉन इवेंट को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले करनाल के धावक राहुल के सम्मान में करनाल स्ट्राइड्स की ओर से आमव्य स्काई डाइनिंग एंड टैरेस लाउंज में विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर करनाल स्ट्राइड्स से अमित गुप्ता, बॉक्सिंग कोच सुरेन्द्र चौहान, सुमित मान, कविता संधू, गारिमा शर्मा,



सचिन्द्र, सतिन्द्र मेहता, सौरव, वेदव्रत, राहुल कौशिक, जावेद, हितेश बुटानी, वरुण सरीन, अंकित सरीन सहित रनर्स, फिटनेस प्रेमियों, खेल प्रेमियों और शहर के गणमान्य लोगों ने राहुल का गर्मजोशी से स्वागत किया।

डॉ. बलबीर विर्क ने कहा कि राहुल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल करनाल, बल्कि पूरे भारत का नाम रोशन किया है। वहीं समाजसेवी प्रवेश गाबा ने कहा कि राहुल की मेहनत, अनुशासन और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राहुल ने हाल ही में 2026 पूरा किया, जो तीन दिन तक चलने वाली अत्यंत कठिन प्रतियोगिता है। इसमें पहले दिन 10 किलोमीटर ओशन स्विमिंग और 145 किलोमीटर साइकिलिंग, दूसरे दिन 275 किलोमीटर साइकिलिंग तथा तीसरे दिन 84.4 किलोमीटर दौड़ पूरी करनी होती है।

राहुल इससे पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। उन्होंने और जैसे प्रतिष्ठित इवेंट पूरे किए हैं। इसके अलावा जैसलमेर की 100 किलोमीटर अल्ट्रा मैराथन, थाईलैंड अल्ट्रा ट्रेल 57 किलोमीटर और सहित कई बड़े मैराथन में भी भाग ले चुके हैं। करनाल स्ट्राइडस से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि राहुल की यह उपलब्धि करनाल में एंड्योरेंस स्पोर्ट्स और फिटनेस संस्कृति को नई दिशा देगी।

समारोह के दौरान सभी ने राहुल को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**दुख होता है..जब युवा मोबाइल पर खेलते हैं गेम**

राहुल ने बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें दुख होता है, जब वे युवाओं को घंटों मोबाइल पर गेम खेलते हुए देखते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में फिट रहना बेहद जरूरी है और इसके लिए युवाओं को मोबाइल गेमिंग से बाहर निकलकर आउटडोर खेलों की तरफ ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ नहीं रखते, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की ताकत भी सिखाते हैं।

## ऑपरेशन के बाद महिला बैंक कर्मचारी की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

यमुनानगर। रेलवे रोड स्थित एक निजी अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद 28 वर्षीय महिला बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। मामले की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान आजाद नगर निवासी एकता पत्नी चिराग अरोड़ा के रूप में हुई है। एकता दिल्ली में एचडीएफसी बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत थी और नौ माह की गर्भवती थी।



**एक साल पहले हुई थी शादी**

मृतका की मासी सास प्रतिभा ने बताया कि उसके भांजे चिराग अरोड़ा का दिल्ली और यमुनानगर में कार एसेसरीज का कारोबार है। करीब एक वर्ष पहले चिराग और एकता की शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों दिल्ली में रह रहे थे, लेकिन गर्भावस्था के चलते करीब दो माह पहले एकता अपने ससुराल आजाद नगर आकर रहने लगी थी। उसका इलाज रेलवे रोड स्थित जेपी अस्पताल में चल रहा था।

**डिलीवरी के दौरान बिगड़ी हालत**

परिजनों के अनुसार बुधवार को एकता को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उस समय उसकी हालत सामान्य थी और उसे लेबर पेन भी शुरू नहीं हुआ था। आरोप है कि डॉक्टरों द्वारा इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और तेज दर्द शुरू हो गया। इसके बाद डॉक्टरों ने सिजेरियन ऑपरेशन करने का फैसला लिया। सुबह करीब साढ़े दस बजे ऑपरेशन हुआ, जिसमें एकता ने एक बच्ची को जन्म दिया।

परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने मां और बच्ची दोनों को स्वस्थ बताया था। हालांकि दोपहर करीब तीन बजे डॉक्टरों ने परिवार को जानकारी दी कि एकता का ब्लड प्रेशर लगातार ऊपर-नीचे हो रहा है और अत्यधिक ब्लीडिंग हो रही है।

**रेफर करने में देरी का आरोप**

प्रतिभा के अनुसार उन्होंने दिल्ली स्थित एम्स के एक परिचित डॉक्टर से भी फोन पर सलाह ली। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने एकता को मोहाली रेफर करने का निर्णय लिया। परिजनों का आरोप है कि गंभीर हालत के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने मरीज को रेफर करने में करीब डेढ़ घंटे से अधिक का समय लगा दिया।

परिजनों के मुताबिक शाम करीब पांच बजे एकता को एंबुलेंस के जरिए मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन थाना छप्पर के पास रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को वापस यमुनानगर स्थित घर लेकर पहुंचे।

**अस्पताल पर लगाए गंभीर आरोप**

परिजनों ने आरोप लगाया कि मरीज के साथ किसी विशेषज्ञ मेडिकल टीम को भेजने के बजाय अस्पताल के एक सफाई कर्मचारी को साथ भेजा गया।

## पक्का करने की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का BDPO कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाहाबाद:(प्रदीप कुमार)** कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन द्वारा शाहाबाद स्थित बीडीपीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया।

कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लंबे समय से मांग उठाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2007 में करीब 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भर्ती की गई थी, लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने उन्हें पक्का करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया।




कर्मचारियों ने कहा कि 31 दिसंबर 2025 को हाई कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा था कि जो कर्मचारी 10 वर्षों से लगातार सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें नियमित किया जाए। इसके बावजूद सरकार द्वारा अभी तक आदेश लागू नहीं किए गए हैं।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के शहर सचिव परमजीत सिंह ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी से मुलाकात हुई थी। मंत्री ने तीन दिन के भीतर मुख्यमंत्री से बातचीत कर समाधान कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती तो राज्य कमेटी जो भी अगला फैसला लेगी, सभी कर्मचारी उसका समर्थन करेंगे।

# संपादकीय

## दिल्ली जनजातीय सम्मेलनः अस्मिता, अधिकार का आधुनिक संगम

भील और भारिया की दो कहावतें हैं- भील कहते हैं, होने नी रेत, ने खोने नो डर और भारिया कहते हैं डोकरी मरिगे त कए घलो, बाकी राकस घर नई देखे। इन दो जनजातीय कहावतों में लालकिला से जनजातीय संदेश का सार छिपा है। भील कहावत का अर्थ है- जिसके पास सोने की रेत नहीं, उसे खोने का डर क्या? जनजातीय समाज के लिए अब ये एक भूला-बिसरा चिंतन है। अब केवल भील नहीं अपितु देश के प्रत्येक जनजातीय, वनवासी, गिरिवासी समाज को पता है कि उसके पास खोने को एक स्वर्ण खदान से भी अधिक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा है। इस जनजातीय सांस्कृतिक संपदा, उनकी वन संपदा, उनकी श्रम संपदा का अनैतिक दोहन बहुत हुआ। भारिया कहावत का अर्थ है- बुढ़िया मर गई तो कोई बात नहीं लेकिन राक्षस को घर का रास्ता नहीं देखना चाहिए। जनजातीय समाज ने संसद के समक्ष सीना ठोककर कहा- हमारे समाज को तोड़ने के लिए विदेशी शक्तियों, ईसाइयत, इस्लाम और वामपंथी विचारक रूपी 'राक्षस' ने जो लाल जाल बुना है, उसे अब हमने पहचान लिया गया है। अब हम उसे अपने घर की रह नहीं दिखायेंगे। लालकिले से यह जनजातीय उद्घोष है- अब दोहन, शोषण और नहीं, अब मतांतरण और नहीं, अब सनातन की आलोचना सहन नहीं, अब हमारी भाषा, नृत्य, संगीत, पूजा पद्धति, का विरूपण सहन नहीं। दिल्ली के लालकिले पर रविवार को संपन्न विशाल जनजातीय सम्मेलन केवल पारंपरिक वेशभूषा, मांदल, खजरी आदि की थाप पर नृत्य और सांस्कृतिक वैभव का प्रदर्शन मात्र नहीं था, बल्कि यह भारत के मूल समाज द्वारा अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की शंखध्वनि थी। यह सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है, जब सुदूर वनांचलों में रहने वाला हमारा जनजातीय समाज जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति को बचाने के लिए चतुर्दिक संघर्ष कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संवैचारिक, वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा कई दशकों से उठाए जा रहे मुद्दे अब राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में हैं। सम्मेलन की गठी हुई भाषा और प्रखर स्वर ने यह साफ कर दिया कि जनजातीय समाज अब मूकदर्शक नहीं, बल्कि अपने भाग्य का विधाता स्वयं बनने को आतुर है। लालकिले से वनवासी समाज ने प्रखरता और प्रबलता से 'डीलिस्टिंग' की अपनी पुरानी माँग का पुनरुद्घोष किया। आरएसएस सदा से यह कहता रहा है कि स्वधर्म छोड़कर ईसाइयत और इस्लाम स्वीकारने वाले लोगों को अनुसूचित जाति, जनजाति से बाहर किया जाना चाहिए। ईसाई मिशनरियों ने व्यापक स्तर पर भोले-भाले जनजातीय समाज को बहला-फुसलाकर, आर्थिक लालच देकर, दबावपूर्वक; जैसे भी हो मतांतरण कराया है। देश में सतत चल रहे इस षड्यंत्रपूर्ण मतांतरण से झारखंड, छत्तीसगढ़ पूर्वोत्तर राज्य में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जहां धर्मांतरित लोग दोहरा लाभ उठा रहे हैं। वे एक ओर अल्पसंख्यक होने के नाते सरकारी योजनाओं और विदेशों से आने वाले भारी-भरकम फंड का लाभ लेते हैं।

# मुश्किल में है आधी आबादी की आवाजाही



डॉ. प्रियंका सौरभ

> दुनिया भर के अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि महिलाओं की गतिशीलता बढ़ने से उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ती है। इसलिए महिलाओं की आवाजाही को केवल परिवहन नीति के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक विकास की नीति के रूप में देखा जाना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में महिलाओं की बड़ी संख्या आज भी इसलिए अवसरों से वंचित रह जाती है क्योंकि उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध नहीं होता। अनेक छात्राएँ दूर के कॉलेजों में प्रवेश नहीं लेतीं क्योंकि यात्रा कठिन या असुरक्षित होती है

भारत में किसी बस स्टॉप पर खड़ी स्त्री का दृश्य सामान्य प्रतीत हो सकता है, लेकिन यदि हम उसे थोड़ा गहराई से देखें तो वह केवल एक यात्री नहीं दिखाई देती। वह अपने साथ समाज की अनेक परतें, संघर्ष, उम्मीदें और सवाल लेकर खड़ी होती है। वह बस का इंतजार कर रही होती है, लेकिन साथ ही वह अपने अधिकारों, अवसरों और सम्मानजनक अस्तित्व की भी प्रतीक्षा कर रही होती है। विडंबना यह है कि जिस दृश्य को हम प्रतिदिन देखते हैं, उसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक अर्थों को समझने की कोशिश बहुत कम करते हैं। भारतीय समाज में पुरुष और महिला की सार्वजनिक उपस्थिति को लेकर आज भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। यदि रात के समय कोई पुरुष सड़क पर चलता हुआ दिखाई दे, बस का इंतजार करता मिले या किसी चाय की दुकान पर बैठा हो, तो यह एक सामान्य बात मानी जाती है। लेकिन यदि वही दृश्य किसी महिला के साथ हो तो अनेक प्रश्न स्वतः खड़े हो जाते हैं। वह कहाँ जा रही है? अकेली क्यों है? इतनी देर तक बाहर रहने की क्या आवश्यकता है? कौन उसका इंतजार कर रहा होगा? ये प्रश्न केवल जिज्ञासा नहीं हैं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता के प्रतीक हैं जो महिलाओं की स्वतंत्र आवाजाही को अब भी पूरी तरह सहजता से स्वीकार नहीं कर पाई है। यह स्थिति केवल छोटे शहरों या ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। महानगरों में भी महिलाएँ सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं को पुरुषों की तुलना में अधिक असुरक्षित महसूस करती हैं। उनके लिए घर से बाहर निकलना केवल एक भौतिक यात्रा नहीं होता, बल्कि अनेक मानसिक और सामाजिक बाधाओं को पार करने की प्रक्रिया भी होता है। इसीलिए महिलाओं की आवाजाही से जुड़ी योजनाओं, सुविधाओं और नीतियों का महत्व केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी होता है। जब सरकारें महिलाओं के लिए मुफ्त या रियायती बस यात्रा जैसी योजनाएँ लागू करती हैं, तो उसका महत्व केवल किराए की बचत तक सीमित नहीं रहता। यह उन महिलाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलता है जिनके लिए प्रतिदिन का छोटा-सा खर्च भी निर्णयों को प्रभावित करता है। कई परिवारों में आज भी



महिलाओं की शिक्षा, नौकरी या अन्य गतिविधियों पर होने वाला खर्च एक अतिरिक्त बोझ माना जाता है। ऐसे में परिवहन का खर्च कम होना उन्हें अधिक स्वतंत्रता प्रदान कर सकता है। यह समझना आवश्यक है कि घर से बाहर निकलने वाली हर महिला केवल नौकरी पर नहीं जा रही होती। वह अपने जीवन के किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य की ओर बढ़ रही हो सकती है। कोई महिला अपनी बीमार माँ की देखभाल के लिए दूसरे मोहल्ले या शहर जा रही हो सकती है। कोई विवाह के बाद छूट गई पढ़ाई को फिर से शुरू करने का साहस जुटा रही हो सकती है। कोई बेहतर रोजगार की तलाश में प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर रही हो सकती है। कोई अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अतिरिक्त काम कर रही हो सकती है। और यह भी संभव है कि वह केवल कुछ क्षणों की मानसिक शांति के लिए घर से बाहर निकली हो, क्योंकि घर के भीतर उसका अवैतनिक श्रम कभी समाप्त नहीं होता। भारतीय समाज में महिलाओं का घरेलू श्रम आज भी बड़े पैमाने पर अदृश्य बना हुआ है। भोजन बनाना, बच्चों की देखभाल करना, बुजुर्गों की सेवा करना, घर की साफ-सफाई और अनगिनत छोटे-बड़े काम–ये सब ऐसे कार्य हैं जिनके बिना परिवार का जीवन संभव नहीं है, लेकिन इनका आर्थिक मूल्य नहीं आँका जाता। ऐसे में जब कोई महिला घर से बाहर निकलती है तो वह केवल एक व्यक्ति के रूप में नहीं बल्कि अनेक जिम्मेदारियों के बोझ के साथ निकलती है। उसके पास समय कम होता है, संसाधन सीमित होते हैं और सामाजिक अपेक्षाएँ अधिक होती हैं। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की उपस्थिति को लेकर हमारी सामाजिक सोच में भी अनेक विरोधाभास दिखाई देते हैं। एक ओर हम महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, दूसरी ओर उनकी स्वतंत्र आवाजाही को लेकर संदेह और नियंत्रण की प्रवृत्ति भी बनाए रखते हैं। परिवार अक्सर बेटियों को पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन देर शाम घर लौटने को लेकर चिंतित रहते हैं। वे चाहते हैं कि महिलाएँ आगे बढ़ें, लेकिन उनके रास्ते में अनेक सामाजिक सीमाएँ भी खड़ी कर देते हैं। महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन केवल यात्रा का साधन नहीं है, बल्कि सामाजिक भागीदारी का माध्यम भी है। यदि परिवहन सुलभ, सुरक्षित और किफायती हो तो महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। दुनिया भर के अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि महिलाओं की गतिशीलता बढ़ने से उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ती है। इसलिए महिलाओं की आवाजाही को केवल परिवहन नीति के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक विकास की नीति के रूप में देखा जाना चाहिए।

सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में महिलाओं की बड़ी संख्या आज भी इसलिए अवसरों से वंचित रह जाती है क्योंकि उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध नहीं होता। अनेक छात्राएँ दूर के कॉलेजों में प्रवेश नहीं लेतीं क्योंकि यात्रा कठिन या असुरक्षित होती है। कई महिलाएँ बेहतर नौकरी के अवसर छोड़ देती हैं क्योंकि देर शाम लौटना उनके लिए जोखिमपूर्ण माना जाता है। इस प्रकार असुरक्षित सार्वजनिक स्थान केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता को ही सीमित नहीं करते, बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को भी प्रभावित करते हैं। हालाँकि केवल सुरक्षा की चर्चा पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक स्थानों पर सम्मानजनक व्यवहार भी उतना ही आवश्यक है। महिलाओं को अक्सर घूरती निगाहों, अनावश्यक टिप्पणियों और असहज वातावरण का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है और कई बार उन्हें सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के लिए मजबूर करता है। किसी भी सभ्य समाज की पहचान केवल अपराध दर से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वहाँ लोग एक-दूसरे के प्रति कितना सम्मानपूर्ण व्यवहार करते हैं।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि सार्वजनिक अनुशासन का प्रश्न केवल पुरुषों तक सीमित नहीं है। फुटपाथों पर अवैध पार्किंग, यातायात नियमों की अवहेलना, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाना और सामुदायिक संसाधनों का दुरुपयोग जैसी समस्याओं में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी दिखाई देती है। इसलिए समाधान भी सामूहिक होना चाहिए। महिलाओं और पुरुषों दोनों को समान रूप से नागरिक जिम्मेदारियों का पालन करना होगा।

सार्वजनिक जीवन तभी बेहतर बन सकता है जब अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी महत्व दिया जाए। शहरों की संरचना और विकास योजनाओं में भी महिलाओं की आवश्यकताओं को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया है। अधिकांश शहर पुरुष-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ विकसित हुए हैं। सड़कें, परिवहन प्रणाली, सार्वजनिक शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाएँ अक्सर महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गईं। परिणामस्वरूप महिलाएँ अनेक असुविधाओं का सामना करती हैं। यदि वास्तव में समावेशी शहर बनाने हैं तो शहरी नियोजन में महिलाओं के अनुभवों और आवश्यकताओं को केंद्र में रखना होगा।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## भक्ति, बाबाओं की सत्ता और न्याय का विरोधाभास

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत** में धर्म केवल आस्था का विषय नहीं है; वह सामाजिक प्रभाव, राजनीतिक शक्ति और आर्थिक संरचना का भी बड़ा केंद्र बन चुका है। यही कारण है कि जब किसी बड़े धार्मिक बाबा, स्वयंभू संत या आध्यात्मिक संगठन के प्रमुख पर गंभीर आपराधिक आरोप लगते हैं, तब मामला केवल अदालत और कानून तक सीमित नहीं रहता। वह समाज की मानसिकता, भक्त-राजनीति, न्याय-व्यवस्था और राज्य की निष्पक्षता पर एक व्यापक बहस में बदल जाता है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने कई ऐसे मामले देखे हैं जहाँ बड़े-बड़े धार्मिक चेहरों पर यौन शोषण, आर्थिक अनियमितता, हिंसा, अवैध कब्जे और सत्ता के दुरुपयोग जैसे आरोप लगे। कुछ मामलों में अदालतों ने दोष सिद्ध भी किए, लेकिन इसके बावजूद उनके प्रभाव, लोकप्रियता और अनुयायियों की संख्या में बहुत अधिक कमी दिखाई नहीं दी। यही विरोधाभास भारतीय समाज की सबसे जटिल सच्चाइयों में से एक है। जब किसी दोषसिद्ध बाबा को पैरोल मिलती है, जेल से बाहर आने पर उसका भव्य स्वागत होता है, बड़ी गाड़ियों के काफिले चलते हैं, हजारों अनुयायी इकट्ठा होते हैं और पूरा वातावरण किसी धार्मिक उत्सव जैसा दिखाई देता है, तब एक बड़ा प्रश्न समाज के सामने खड़ा होता है–क्या भारत में आस्था न्याय से अधिक शक्तिशाली हो चुकी है? सामान्य परिस्थितियों में किसी अपराधी की जेल-रिहाई केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया होती है, लेकिन जब वही व्यक्ति करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हो, तब उसकी हर गतिविधि राजनीतिक और सामाजिक अर्थ ग्रहण कर लेती है। भारतीय लोकतंत्र का संकट यही है कि यहाँ कई बार व्यक्ति धार्मिक ब्रांड बन जाता है। उसके खिलाफ अदालत का फैसला भी उसके अनुयायियों के विश्वास को पूरी तरह नहीं तोड़ पाता। भक्तों का एक बड़ा वर्ग हर आरोप को साजिश, राजनीति या धार्मिक षड्यंत्र के रूप में देखने लगता है। यही कारण है कि कुछ बाबाओं के खिलाफ गंभीर आरोप सिद्ध होने के बाद भी उनके डेरे, आश्रम और संस्थाएँ पहले की तरह चलती रहती हैं। उनके समर्थक उन्हें अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित संत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह स्थिति केवल न्याय-व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना के लिए भी चुनौती है। समस्या केवल बाबाओं तक सीमित नहीं है; समस्या उस सामाजिक संरचना में भी है जो व्यक्ति-पूजा को विवेक से ऊपर रखती है। भारत के अनेक हिस्सों में धार्मिक बाबा केवल आध्यात्मिक गुरु नहीं होते, बल्कि लोगों के जीवन-निर्णयों, आर्थिक व्यवहार, सामाजिक संबंधों और राजनीतिक सोच तक को प्रभावित करते हैं। गरीब, वंचित और भावनात्मक रूप से टूटे लोग अक्सर ऐसे संगठनों में सुरक्षा, पहचान और सहारा खोजते हैं। धीरे-धीरे यह आस्था निर्भरता में बदल जाती है।

# विचार

## मच्छरों का सत्ता सूत्र

**मुकेश**

कॉकरोच पार्टी बनते ही मच्छरों में खुशी की लहर दौड़ पडी, कुछ युवा मच्छरों ने निर्णय लिया कि हम भी राष्ट्रीय मच्छर कॉग्रेस बनाएंगे और संसद में अपने लोगों को भेजेंगे।

एक युवा मच्छर बोला-आजकल जितनी आबादी उतनी सीट की बातें हो रही हैं फिर हम क्यों पीछे हटें ? हमारी आबादी तो सबसे ज्यादा है लेकिन हमारा एक भी प्रतिनिधि संसद तो क्या पंचायत में भी नहीं है इसीलिए जो देखो वो ही हमें मारने में लगा हुआ है। सबसे ज्यादा अभियान हमारे खिलाफ चलाए जाते हैं फिर क्या पंचायतें, क्या नगर निगम, क्या ब्यूरोक्रेसी और क्या डिप्लोमैसी? सबके सब लगे हैं मच्छर मारने में, इसके अलावा इनको कोई काम नहीं है क्या ?

दूसरा बोला- इतने बड़े देश में हमारे बैठने के लिए कोई जगह नहीं है जिसके ऊपर बैठें वो ही मार देता है, अरे हम कोई आतंकवादी हैं क्या ? फिर हमें बैठने का कोई हक क्यों नहीं है ? हम हवा में ही उड़ते रहेंगे क्या ? जब ये दूसरे नेता जमीन से उठते ही हवा में उड़ने लगते हैं फिर हम हवा से जमीन पर क्यों नहीं चल सकते ? जबकि इस देश की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान हमारा है, सारी मेडिकल इंडस्ट्री हमारी दम पर टिकी हुई है, हम नहीं होते तो सारे डॉक्टर और हॉस्पिटल खाली पड़े रहते, सिर्फ डॉक्टर ही क्यों पंखे बनाने वाले इंजीनियर भी बेले घूमते और तो और खिड़की बनाने वाले कारपेंटर,पर्दे बनाने वाले दर्जी और टेक्स्टटाइल इंडस्ट्री वाले हमारी जगह होते, इन सबको रोजगार हम देते हैं।

इस पर तीसरा थोड़ा बड़ा मच्छर बोला और तो और इस देश को आजाद कराने में भी सबसे बड़ा योगदान हमारा है, अंग्रेज किसी बापू या चाचू से डरकर नहीं भागे थे बल्कि हमारे कारण गए थे, हमने उस वक़्त कितने अंग्रेज अधिकारियों को मारा था यह इतिहास में दर्ज है, तब दुनिया पर शासन करने वाले अंग्रेज हमारा बाल भी बाँका नहीं कर पाए थे, हमारी नारी शक्ति ने जो मलेरिया फैलाया था उस से इतने अंग्रेज अधिकारी मरे थे जितने किसी क्रांतिकारी ने नहीं मारे होंगे तो भैया असली क्रांतिकारी तो हम हुए फिर भी इस देश में हमें बैठने की जगह नहीं मिलती इसलिए अब वक़्त आ गया कि हम भी पार्टी बनाएं जो सब जगह चुनाव लड़ेगी। युवा मच्छरों की बात सुनकर एक अधेड़ मच्छर जिसकी उम्र करीब चार घंटा थी और वो किसी दूसरी पार्टी में रहकर जेल जा चुका था और फिर निष्कासित भी हो चुका था ,वो अपने अनुभव से बोला कि बेटे पार्टी बनाओ अच्छी बात है लेकिन उसका मेनिफेस्टो का रखोगे ? तो एक नये नवेले युवा मच्छर ने पूछा जो मेनिफेस्टो का होत है कक्का ? तो अधेड़ ने समझाया कि देखो बेटा बात जे है कि हर पार्टी को एक मुद्दा होत है जे खों चुनाव में रखनो परत है ताकि जनता वोट दे सके, मेंनिफेस्टो तो भौत जरूरी आए, तो तुम सब मिल के मुद्दे तैयार करो, देखो जनता के लिए हम का कर सकत और हमारे खिलाफ कौन कौन से अन्याय हो रहे जे की लिस्ट भी बनाओ '

कक्का की बात युवाओं को समझ आयी तो उन्होंने मेनिफेस्टो बनाया.. हम समस्त मच्छरों को बैठने के लिए जगह उपलब्ध कराएंगे । हम सब मिलकर देश को नंबर वन बनाएंगे। सभी युवा मच्छरों को रोजगार गारंटी योजना से जोड़ेंगे।गरीबी मिटाई जायेगी। देश में आधुनिक अस्पताल बनाए जायेंगे। देश में सिर्फ कानून का राज होगा।

मेंनिफेस्टो जब कक्का ने पढ़ा तो बोले बेटा राजनीति में सिर्फ जोश से काम न चले, होश सोई जरूरी है, तुमाये घोषणापत्र में चुनाव जीतवे की कोई पिलानिंग नजर नई आत है। यह सुनकर एक फॉरेन रिटर्न जेन जी मच्छर अपने मासक्यूटो स्टाइल में बोला.. व्हाटस द प्रॉब्लम विद दिस मेनिफेस्टो ? यू आर एन आउट डेटेड लीडर अंकल , नाऊ टाइम्‍ हेज चेंजड...। कक्का उसकी बात समझ नहीं पाए तो एक शहर में पढ़े लिखे मच्छर ने कहा कि कक्का आप ही बना दीजिए मेनिफेस्टो। तो कक्का बोले बेटा मेंनिफेस्टो हमेशा समाज को तोड़ने वाला होना चाहिए तुम्हारा तो जोड़ने वाला है, इससे चुनाव थोड़ी जीते जाते हैं। फिर कक्का ने समझाया कि सबसे पहले तो घर में उड़ने वाले और घूरे पर बैठने वाले मच्छरों की अलग अलग लिस्ट बनाओ, मादाओं की भी लिस्ट अलग बनाओ। मलेरिया फैलाने वाले, डेंगू वाले, युवा बुजुर्ग, जेन जी और अगेन जी की लिस्ट अलग करो, पॉश इलाके में कौन भिनभिनाता और झुग्गी में कौन झक मारता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## अब्राहम अकॉर्ड का समर्थन पाक के लिए होगा आत्मघाती कदम

**संजीव**

**वैश्विक** राजनीति में अब्राहम कार्ड यानी अब्राहम समझौता अभी सबसे ज्यादा चर्चित हॉट टॉपिक है। और यही अब्राहम रिकॉर्ड पाकिस्तान के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है ।अब्राहम अकॉर्ड अमेरिका की पहल पर हुए इस समझौते ने अरब देशों और इजरायल के बीच दशकों पुरानी शत्रुता को संवाद और कूटनीतिक संबंधों में बदलने का प्रयास किया और पाकिस्तान सहित मुस्लिम दे
शों द्वारा इसराइल को देश के रूप में मान्यता प्रदान किया जाना होगा। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मोरक्को और सूडान जैसे देशों ने इजराइल के साथ संबंध सामान्य कर दुनिया को चौंका दिया। अब चर्चा इस बात की है कि अमेरिका चाहता है कि शेष मुस्लिम देश भी इसी राह पर चलें। इसी संदर्भ में पाकिस्तान की स्थिति अत्यंत जटिल और विरोधाभासी दिखाई देती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में आरंभ हुई इस नीति का मूल उद्देश्य मध्य पूर्व में नई सामरिक धुरी बनाना था। अमेरिका मानता है कि ईरान के बढ़ते प्रभाव, आतंकवाद और आर्थिक अस्थिरता से निपटने के लिए अरब देशों और इजराइल के बीच सहयोग आवश्यक है। अमेरिका की दृष्टि में यह समझौता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं बल्कि व्यापार, तकनीक, रक्षा और ऊर्जा सहयोग का नया मॉडल है। किंतु पाकिस्तान के लिए यह प्रश्न केवल विदेश नीति का नहीं बल्कि वैचारिक, धार्मिक और आंतरिक राजनीतिक संकट का विषय बन गया है ।पाकिस्तान स्वयं को लंबे समय से इस्लामी दुनिया का प्रमुख समर्थक और फिलिस्तीन का पारंपरिक पक्षधर बताता रहा है।

पाकिस्तान के पासपोर्ट पर आज भी यह उल्लेख मिलता है कि यह दस्तावेज इजराइल को छोड़कर सभी देशों के लिए मान्य है। यह केवल एक औपचारिक पंक्ति नहीं बल्कि पाकिस्तान की वैचारिक स्थिति का प्रतीक है। पाकिस्तान के निर्माण के बाद से ही वहां की राजनीति में फिलिस्तीन मुद्दा भावनात्मक और धार्मिक रूप से जुड़ा रहा है। ऐसे में यदि पाकिस्तान इजराइल को मान्यता देता है तो उसे अपने ही देश के भीतर तीव्र विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

## कॉंकरोच नहीं, परिवर्तन का प्रस्थान-बिंदु हैं भारत के युवा

**रामानुज पाठक**

**समाज** तब सबसे अधिक खतरनाक हो जाता है, जब वह अपनी ही पीढ़ी को अपमानजनक उपमाओं में देखने लगे। किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं की आँखों में चमकता है; यदि वही युवा व्यवस्था से निराश होकर व्यंग्य, कटाक्ष और प्रतिरोध की भाषा बोलने लगें, तो यह केवल युवाओं का संकट नहीं होता, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक संरचना का दर्पण होता है जिसने अपेक्षाओं और अवसरों के बीच गहरी खाई बना दी है। किंतु इस पूरी परिस्थिति को केवल कॉंकरोच संस्कृति कह देना न तो वैज्ञानिक दृष्टि से उचित है, न समाजशास्त्रीय दृष्टि से और न ही नैतिक दृष्टि से। यह सत्य है कि सोशल मीडिया पर उभरी कॉंकरोच जनता पार्टी जैसी अभिव्यक्तियाँ व्यवस्था के प्रति आक्रोश की प्रतीक हैं, परंतु उन्हें केवल परजीवी मानसिकता, निकम्मेपन या नैतिक पतन का प्रतीक मान लेना वास्तविकता का अत्यधिक सरलीकरण है। इतिहास साक्षी है कि हर युग में युवाओं की भाषा पुरानी पीढ़ी को असभ्य, उद्दंड और विद्रोही प्रतीत हुई है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय भी युवा क्रांतिकारियों को अराजक, अव्यावहारिक और उग्र कहा गया था। तकनीकी क्रांति के समय कंप्यूटर और इंटरनेट में डूबे युवाओं को भटका हुआ बताया गया था। किंतु वही पीढ़ियाँ आगे चलकर समाज की दिशा बदलती हैं। आज का युवा भी उसी संक्रमण काल से गुजर रहा है, जहाँ उसकी अभिव्यक्ति पारंपरिक शिष्टाचार से अधिक डिजिटल प्रतीकों और मीम-संस्कृति में प्रकट होती है। यह भाषा भले परिपक्व न लगे, पर उसके पीछे छिपा असंतोष वास्तविक है। इसलिए समस्या का समाधान युवाओं का उपहास नहीं, बल्कि उनके भीतर के संदेश को समझना है। यह कहना कि आज का युवा केवल मुफ्तखोरी, त्वरित प्रसिद्धि और शॉर्टकट चाहता है, आधा सत्य है। वास्तविकता यह है कि भारत का युवा आज अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा, आर्थिक असुरक्षा और मानसिक दबाव से गुजर रहा है। करोड़ों विद्यार्थी वर्षों तक परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रियाएँ वर्षों तक लंबित रहती हैं। परीक्षा-पत्र लीक होना, नियुक्तियों में देरी,

## न्यूज फ्लैश

### परिजनों ने शव लेने से किया इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले में नन्हेड़ा गांव के खेतों में युवक का शव मिलने के मामले में विवाद गहराता जा रहा है। परिजनों और समाज के लोगों में भारी गुस्सा है और वे लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद भी परिवार ने शव उठाने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि जब तक पुलिस मौत के कारण को लेकर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं देती, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

वहीं पुलिस ने दोबारा पोस्टमार्टम के लिए शव चंडीगढ़ पीजीआई भेजा है। परिवार के लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नारेबाजी की। सोनिया तंवर, अमित तंवर और अन्य परिजनों ने कहा कि पुलिस यह कह रही है कि शव धूप में रहने से जला है, लेकिन यह बात किसी भी तरह से तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि पहले मौत का सही कारण बताया जाए, तभी वे शव उठाएंगे।

परिजनों के अनुसार नन्हेड़ा गांव निवासी बॉबी 25 मई की सुबह करीब 7.30 बजे घर से निकला था। उसने अपनी मां रीना को कहा था कि वह थोड़ी देर में वापस लौट आएगा। बॉबी के भाई अभिषेक कुमार ने बताया कि वे तीन भाई हैं और बॉबी मंझला था। दोपहर करीब 12 बजे उसने परिजनों को कहा कि वह जल्द घर पहुंचेगा, लेकिन इसके बाद उसका फोन बंद हो गया।

देर रात तक घर न लौटने और फोन बंद होने पर परिजनों को शक हुआ। अगले दिन जब फोन लगाया गया तो एक पुलिस कर्मचारी ने कॉल उठाकर खेतों में शव मिलने की जानकारी दी। इसके बाद परिवार नन्हेड़ा गांव के खेतों में पहुंचा, जहां बॉबी का शव पड़ा मिला।

परिजनों ने बताया कि शव के चेहरे और शरीर के कई हिस्सों पर तेजाब डाला गया था। नाक और मुंह से खून भी निकल रहा था। शव की हालत देखकर परिवार ने तुरंत हत्या की आशंका जताई और पुलिस पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया।

गांव के अभिषेक कुमार ने शिकायत में रिंकू, जयपाल, मोहित उर्फ पादी, अंकित, उसके भाई पाहड़ी निवासी गांव संगोही और राममेहर शर्मा निवासी गांव माखूमाजरा को हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों का कहना है कि इन लोगों के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी।

### करनाल के युवक की अमेरिका में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में करनाल के एक युवक की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। युवक ट्रक ड्राइवर था। हादसे के दौरान उसका ट्रक बेकाबू होकर खाई में जा गिरा। घटना की सूचना जैसे ही परिवार तक पहुंची, घर में मातम छा गया। परिजन अब शव को भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांग रहे हैं और इसके लिए फंड भी जुटाया जा रहा है।

गांव बालरागड़ान निवासी 24 वर्षीय गौरव कुमार अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए करीब 2 साल पहले अमेरिका गया था। उसे विदेश भेजने के लिए उसके पिता रामफल ने जमीन तक बेच दी और कर्ज भी लिया। परिवार ने करीब 50 लाख रुपए खर्च किए। गौरव डंकी रूट से 6 महीनों में अमेरिका पहुंचा था।

अमेरिका पहुंचने के बाद गौरव ने शुरूआत में करीब छह महीने तक ट्रक चलाया। बाद में वह एक स्टोर पर काम करने लगा, लेकिन वहां इनकम कम होने के कारण उसने फिर से ट्रक चलाने का फैसला लिया। परिवार को उम्मीद थी कि इससे घर की आर्थिक हालत सुधरेगी।

जानकारी के अनुसार 26 मई को गौरव ट्रक लेकर निकला था। रास्ते में एक रेस्टोरेंट पर चाय पीने के लिए रुका और उसने घर फोन कर बताया कि वह ट्रक चला रहा है और कुछ देर बाद फिर बात करेगा। यह कॉल उसकी घरवालों के साथ हुई बातचीत की आखिरी कॉल साबित हुई।

अमेरिकी पुलिस के अनुसार रेस्टोरेंट से निकलने के बाद वह कुछ ही दूरी चला था कि अचानक ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक खाई में जा गिरा। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 27 मई को दोपहर करीब ढाई बजे परिवार को फोन आया, जिसमें अमेरिकी पुलिस ने हादसे और मौत की जानकारी दी।

# कृष्ण लाल पंवार ने आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा में किया शेड का शिलान्यास

**समारोह**

- मंत्री ने परीक्षा परिणाम को लेकर की प्रशंसा जाहिर मेरिट में आने वाली छात्राओं को दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि आर्य कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोर माजरा, करनाल में प्रार्थना एवं सांस्कृतिक सभा शेड का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की तथा मेरिट में आने वाली छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में गुरुकुल परिवार, गणमान्य अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।

वर्तमान में लगभग 2500 छात्राएं गुरुकुल में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

कार्यक्रम में गुरुकुल के प्रधान सुखबीर सिंह मान (एडवोकेट) ने कहा कि यह शेड छात्राओं के सर्वांगीण विकास, प्रार्थना सभाओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि गुरुकुल भारतीय संस्कृति, वैदिक शिक्षा एवं आधुनिक शिक्षा के समन्वय के माध्यम से छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु निरंतर कार्यरत है।

उन्होंने मंत्री कृष्ण लाल पंवार को विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हरियाणा राज्य में पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया है। साथ ही जिला करनाल की शीर्ष 10 मेरिट सूची में से 6 छात्राएं गुरुकुल की रही हैं। यह उपलब्धि सुनकर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरुकुल के प्रधान, समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की तथा गुरुकुल की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना की।

इस अवसर पर गुरुकुल कार्यकारिणी के सचिव ओम प्रकाश मान, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव बलवान सिंह, सदस्य मेहर सिंह, भगवान सिंह, नरेंद्र तथा अन्य गणमान्य सदस्य कृष्ण ढांडा, दलीप सिंह मान, राज सैनी एवं राम सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## किरयाना स्टोर से डेढ़ लाख कैश चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले में कस्बा तरावड़ी के मेन बाजार में स्थित एक किरयाना स्टोर में देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर तीसरी मंजिल के रास्ते दरवाजा तोडकर दुकान में एंट्री कर गए। अंदर पहुंचते ही उन्होंने गल्ले को निशाना बनाया और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान खुलने पर घटना का पता चला, जिसके बाद बाजार में दहशत का माहौल बन गया। मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीती रात चोरों ने मेन बाजार स्थित खुराना सुपर स्टोर को निशाना बनाया। चोर तीसरी मंजिल के रास्ते दुकान के अंदर पहुंचे। ऊपर का दरवाजा तोडकर वे सीधे दुकान में दाखिल हो गए, जिससे साफ है कि उन्होंने पहले से जगह की रेकी कर रखी थी।

सुबह जब दुकान मालिक मौके पर पहुंचे तो गल्ला खुला पड़ा था और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ मिला। जांच में सामने आया कि गल्ले में रखी करीब डेढ़ लाख रुपए की नकदी चोरी हो चुकी है। इससे चोरी की पुष्टि हुई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

दुकानदार नरेश और हिमांशु खुराना ने बताया कि चोर बेहद शातिर थे। उन्होंने कैमरों से बचते हुए वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं जाते समय दुकान में लगा सीसीटीवी का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, ताकि कोई सबूत न बच सके।

घटना के बाद पूरे बाजार में डर का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

## विधवा के घर पर कब्जे व मारपीट के विरोध में खखड़ौदा में सड़क जाम

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा शहर के वार्ड-3 में एक विधवा महिला के घर में घुसकर मारपीट व कब्जे के विरोध में आसपास की महिलाएं वीरवार की शाम सड़क पर उतर आईं। गुस्साई महिलाओं ने घायल विधवा को चारपाई पर डालकर रोहतक मार्ग जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार टेकराम की चक्की के पास रहने वाली विधवा मंजू के साथ रात पड़ोस के एक परिवार ने घर में घुसकर बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि पड़ोसी परिवार दबाव डालकर मंजू के मकान पर कब्जा करना चाहता है।

## फर्जी रजिस्ट्री कर 300 गज प्लॉट हड़पने की महिला आरोपी गिरफ्तार

**फर्जीवाड़ा**

- पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस फजीर्वाड़े में और खुलासे होने की संभावना है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

जिला सोनीपत के थाना खरखौदा पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर संपत्ति हड़पने के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मामला 27 नवम्बर 2025 का है। जहाँ एक महिला शिकायतकर्ता ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि आरोपियों ने षड्यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर लगभग 300 वर्गगज के प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री करवा ली और धोखाधड़ी कर संपत्ति हड़पने का प्रयास किया। शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने रजिस्ट्री से जुड़े सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड कब्जे में लेकर गहनता से जांच की। इस मामले में पहले ही एक आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ टिंकू निवासी गढ़ी सिसाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अब इसी मामले में पुलिस ने मुकदमे में नामजद जिला रोहतक निवासी महिला आरोपी को भी काबू किया। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना स्थान बदल रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर थाना खरखौदा की टीम ने उसे गिरफ्तार किया। जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। साथ ही फर्जी दस्तावेज तैयार करने में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस फजीर्वाड़े में और खुलासे होने की संभावना है।

## निराश्रित बच्चों को दी जा रही 2300 की वित्तीय सहायता : डा. आनंद कुमार शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** उपायुक्त डा. आनंद कुमार ने बताया कि प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा निराश्रित बच्चों के लिए 23 सौ रुपये महीना की सहायता प्रदान की जा रही है। पात्र बच्चे इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का जो बच्चा माता-पिता की मृत्यु या पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता की लम्बी सजा, जो कि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण सहायता अथवा देखभाल से वंचित है, वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दी जा रही 23 सौ रुपये महीना की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बच्चे के अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह सहायता एक परिवार में दो बच्चों तक प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुकों के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य का निवासी होने का दस्तावेज, फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्व सत्यापित फोटो प्रति सहित पहचान पत्र होना जरूरी है।

## संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में लगाई छबील



**लाड़वा 28,मई (विजय कौशिक)** : संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में दो महत्वपूर्ण आयोजन संपन्न हुए। प्रातः काल भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए मीठे जल की छबील लगाई गई तथा दोपहर में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुनीता अरोड़ा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय ने प्रातः 10:30 बजे मुख्य द्वार के बाहर ठंडे मीठे जल की छबील लगाई। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंद्र बंसल, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सम्मानित सदस्य वीरेंद्र गर्ग व प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने जल सेवा करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । विद्यालय के स्टाफ ने राहगीरों, ऑटो चालकों व आम जनता को जल पिलाकर पुण्य कमाया। इस सेवा कार्य से समाज सेवा व मानवता का भाव जागृत हुआ। दोपहर 12:30 बजे विद्यालय सभागार में हिंदी विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका सुनीता अरोड़ा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। सुनीता अरोड़ा ने विद्यालय में 22वर्षों तक निष्ठापूर्वक सेवाएं दीं। विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग, रविंद्र बंसल, वीरेंद्र गर्ग व प्रधानाचार्य ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर सुनीता अरोड़ा का सम्मान व स्वागत किया। प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने सुनीता अरोड़ा के शानदार कार्यकाल की प्रशंसा की एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने सुनीता अरोड़ा के योगदान को अविस्मरणीय बताया और उनके स्वस्थ व सुखी जीवन की कामना की। सहकर्मी शिक्षकों ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए और उनके धैर्य, अनुशासन व मातृत्व भाव की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिह्न व उपहार भेंट किए गए। सुनीता अरोड़ा ने भावुक होते हुए सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ हुआ। पूरा विद्यालय परिवार भावुक था, परन्तु सुनीता अरोड़ा को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी ने विदा किया। छबील व विदाई समारोह दोनों ही कार्यक्रम सफल रहे।

## दिवंगत संजय सैनी के परिवार से मिलीं महापौर, बेटियों को बंधाया ढांढस



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बुढ़ाखेड़ा क्षेत्र में सब्जी विक्रेता संजय सैनी की असामयिक मृत्यु के बाद वीरवार को करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता शोक संतप्त परिवार से मिलीं और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने दिवंगत संजय सैनी की बेटियों के सिर पर हाथ रखकर उन्हें ढांढस बंधाया। परिवार की पीड़ा और दर्द को देखकर महापौर रेणु बाला गुप्ता भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि एक मेहनतकश व्यक्ति की मामूली विवाद में इस प्रकार निर्मम हत्या होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और समाज को झकझोर देने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने प्रियजन को इस तरह खो देना अत्यंत पीड़ादायक और असहनीय दुख होता है। इस कठिन घड़ी में वे परिवार के साथ हर पल खड़ी हैं। महापौर ने भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन स्तर पर परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने के लिए पुरजोर प्रयास किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने स्व. उषा गुप्ता को दी श्रद्धांजलि


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में चौधरी कॉलोनी स्थित महापौर रेणु बाला गुप्ता के निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय उषा गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय उषा गुप्ता करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता की जेठानी तथा भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की ज्येष्ठ भाभी थीं, जिनका निधन 12 मई को हो गया था।

इस अवसर पर भावुक वातावरण में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोकाकुल गुप्ता परिवार से आत्मीय संवाद करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की।

## डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा को मिलेगी और मजबूती

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भाजपा हरियाणा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। डा. अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर महिलाओं सहित भाजपा कार्यकताओं में खुशी और उत्साह है।

डा. अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित पूरे संगठन का दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया और आभार जताया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा का संगठन काफी मजबूत है और भविष्य में डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता 9 सितंबर 2015 को पानीपत जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनी। जून 2017 में जिला जनसंपर्क और शिकायत निवारण समिति सदस्य नियुक्त किया गया। उन्होंने 13 अगस्त 2019 को पानीपत जिला अध्यक्ष का दायित्व मिला और वे 5 जनवरी, 2024 तक जिला अध्यक्ष के पद पर रही। इसके बाद भाजपा नेतृत्व ने 5 जनवरी 2024 को डा. अर्चना गुप्ता को संगठन में प्रदेश महामंत्री की बड़ी जिम्मेदारी दी। डा. अर्चना गुप्ता वर्तमान में अग्रवाल संगठन हरियाणा में सचिव, राष्ट्रीय सेविका समिति की सदस्य, भारत विकास परिषद की सदस्य हैं। सक्रिय राजनीति में आने से पहले से ही डा. अर्चना गुप्ता 2014 से विश्व हिंदू परिषद की भारतीय स्वास्थ्य रेखा की हरियाणा उपाध्यक्ष हैं। 2013 से 2014 तक डा. अर्चना गुप्ता ने विश्व हिंदू परिषद की मेडिकल सेल की सह-संयोजक की जिम्मेदारी भी संभाली है।

डा.अर्चना गुप्ता पेशे से गोल्ड मेडलिस्ट डाक्टर हैं। उन्होंने वर्ष 1990 एमबीबीएस, पीजीआईएमएस, 1994 में एमडी, रेडियो डायग्नोसिस (पीजीआईएमएस, रोहतक) से की। वे चिकित्सा सोसाइटी, उत्तर चौप्टर की संस्थापक अध्यक्ष भी हैं।

## तरक्की तभी जब समाज में माहौल अच्छा होः हरविंद्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज नजदीकी गांव नगला मेघा में 15 लाख रुपय की लागत से बनने वाली पाल चौपाल और 22 लाख से बनने वाली कश्यप चौपाल का शिलान्यास किया। उन्होंने गांव में खेल का मैदान विकसित कराने और एक नई चौपाल बनवाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि तरक्की के लिए समाज, गांव का वातावरण अच्छा होना जरूरी है।

हरविंद्र कल्याण का आज नगला मेघा में पाल समाज, कश्यप समाज और ग्राम पंचायत की ओर से पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पाल व कश्यप समाज की ओर से उन्हें लड्डुओं से तोला गया। उन्होंने जिन दो चौपालों का शिलान्यास किया, उनका निर्माण पंचायती राज विभाग की ओर से कराया जाएगा। शिलान्यास के बाद उन्होंने पंचायत भवन में चल रहे सिलाई सेंटर का भी दौरा किया।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में क्षेत्र में कुछ अड़चनों के बावजूद विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। यमुना बेल्ट एक समय में काफी पिछड़ी हुई थी, पर अब ऐसा नहीं है। नगला मेघा सहित क्षेत्र में करीब 17 गांवों के स्कूलों को अपग्रेड कर सीनियर सेकंडरी बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि हलके में बन रही मेडिकल यूनिवर्सिटी और रिंग रोड चालू होने के बाद न केवल लोगों को पीजीआई स्तर का इलाज प्राप्त हो सकेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से ही विधानसभा क्षेत्र में विकास संभव हो पाया है। उनका एक-एक पल हलके के लोगों की सेवा को समर्पित है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी 36 बिरादरी के लोगों के कल्याण के प्रति गंभीर है। सरकार ने हर वर्ग के लोगों के लिए योजनाएं बनाई हैं। उ न्होंने मातृ शक्ति से स्वयं सहायता समूह से जुडने.की अपील करते हुए कहा कि एसएचजी की महिलाओं के लिए घरौंडा में प्रदेश का प्रथम ट्रेनिंग सेंटर बनवाया जा रहा है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर सकेंगे जिससे उन्हें मार्केट में अधिक दाम मिलेंगे। आय में इजाफ होने पर परिवार मजबूत होंगे।

उन्होंने युवाओं से खेलों में भी भाग लेने की अपील की। कहा कि क्लब अथवा संगठन बनाकर उसे रजिस्टर्ड कराएं। जिस भी खेल में रूचि हो, उसमें भाग लें।

## अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जताया हर्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** महापौर एवं अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता तथा भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने हरियाणा प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस नियुक्ति से प्रदेश में संगठन को और अधिक ऊर्जा तथा मजबूती मिलेगी।

अपने वक्तव्य में दोनों नेताओं ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन के लिए निश्चित रूप से नई उमंग, नई दिशा और नई मजबूती प्रदान करने वाली है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका में अर्चना गुप्ता अपने अनुभवी, समर्पित एवं कर्मठ नेतृत्व से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी तथा प्रत्येक कार्यकर्ता में नया उत्साह और प्रेरणा का संचार करेंगी।

उन्होंने इसी संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हरियाणा में महिला नेतृत्व को अवसर एवं सम्मान देकर एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक निर्णय लिया है। यह कदम न केवल संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा, बल्कि प्रदेश की मातृशक्ति को भी नई प्रेरणा प्रदान करेगा।

## न्यूज फ्लैश

### क्षेत्र की ईदगाहों में पढ़ी गई ईद-उल-अजहा की नमाज



**नितिन सिंगला जगाधरी**
प्रताप नगर,ईद-उल-अजहा के पर्व पर क्षेत्र की सभी ईदगाहों में ईद की नमाज बड़ी श्रद्धा, उत्साह के साथ पढ़ी गई। क्षेत्र के डमौली माजरा, खिजराबाद, प्रताप नगर,फैजपुर,ताजे वाला, अराइयां वाला, पिपली माजरा,बुडिया, मुकारमपुर, बीबीपुर, समेत विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में समाज के लोगों ने सुबह ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी तथा देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।
सुबह से ही ईदगाहों में लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। नए कपड़ों में सजे बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़े उत्साह के साथ नमाज अदा करने पहुंचे। ईदगाहों में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से भी आवश्यक इंतजाम किए गए थे।
**नमाज के दौरान मस्जिद अंसारियान**
खिजराबाद के इमाम मौलाना कासिम साहब ने ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आपसी भाईचारा, इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया।
नमाज के बाद लोगों ने कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों के लिए भी दुआ की।
ईद-उल-अजहा के अवसर पर पूरे क्षेत्र में सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मुस्लिम समाज को ईद की शुभकामनाएं दीं।

### नई कार्यकारिणी ने विधायक को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव के कार्यालय पर जिला जांगिड़ ब्राह्मण कल्याण सभा की नवनिर्मित छात्रावास की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने विधायक को पगड़ी पहनाकर व लड्डू खिलाकर सम्मानित किया तथा उनका आभार व्यक्त किया। जिला रजिस्ट्रार के आदेशानुसार नियुक्त पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. सुशीला यादव की उपस्थिति में 25 अप्रैल को सर्वसम्मति से राजेश कुमार लावनिया को प्रधान चुना गया। इसके अलावा माता प्रसाद को उपप्रधान, मुंशीराम को सचिव, सुभाषचंद को कोषाध्यक्ष, बंशीधर को संरक्षक तथा मुकेश कुमार जांगिड़ को महामंत्री नियुक्त किया गया। विधायक कंवर सिंह यादव ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और नई टीम को शुभकामना दीं।

# जब तक मांगे पुरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा: राजेंद्र कुमार

## लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना लगातार जारी

**धरना जारी**
□ पंचायत कार्यालय बाबैन परिसर में लगातार धरना देकर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं



**बाबैन, 28 मई (विजय कौशिक):** अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का सरकार के प्रति रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण सफाई कर्मचारी खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय बाबैन परिसर में लगातार धरना देकर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।
कर्मचारियों ने सरकार पर उनकी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की है।
धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के जिला प्रधान राजेन्द्र कुमार ने की, जबकि संचालन एवं नेतृत्व ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन हरियाणा के बाबैन ब्लॉक प्रधान रोकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महासचिव हरपाल, उपप्रधान विरम पाल, सलाहकार सतपाल, राजेश, राजेंद्र, हुकम चंद, सुनीता देवी, सपना देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।
धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान राजेन्द्र कुमार ने कहा कि पिछले 19 वर्षों से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को न तो स्थायी किया गया है और न ही उन्हें सरकार द्वारा घोषित वेतन का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार और 27 हजार रुपये मासिक वेतन को भी आज तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी निराशा है।
यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता और उदासीन रवैये के कारण कर्मचारियों को मजबूर होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं उग्र बनाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।
नेताओं ने कहा कि सरकार स्वयं को दलित एवं कर्मचारी हितैषी बताती है, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 के बजट सत्र में सरकार द्वारा प्रत्येक एक हजार की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी भर्ती करने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा के तहत प्रदेश में लगभग 9800 पदों पर भर्ती की जानी थी, लेकिन आज तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।
धरने पर बैठे कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए, घोषित वेतनमान लागू किया जाए तथा लंबित भर्तियों की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।
कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।
धरने के दौरान कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की और सरकार से शीघ्र वार्ता कर समस्याओं का समाधान करने की अपील की।

## सद्भावना पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों का पार्षद तरूण गांधी ने किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 28 मई (बिजेंद्र सिंह)।** रविंद्रा अस्पताल के पीछे स्थित सद्भावना पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों का वार्ड 20 के पार्षद तरुण गांधी ने निरीक्षण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पार्क के विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जानना और उसकी गुणवत्ता को परखना था। निरीक्षण के दौरान चल रहे निर्माण कार्यों की गति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए कि संपूर्ण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए। इसके साथ ही कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर अनेकों स्थानीय व्यक्ति मौजूद रहे। पार्षद तरूण गांधी ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों से भी संवाद किया और नागरिकों ने पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर अपने सुझाव सांझा किए। पार्षद ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि, जनता की निस्वार्थ सेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा मुख्य ध्येय है। सद्भावना पार्क के इस कायाकल्प से स्थानीय बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को टहलने तथा शुद्ध वातावरण का आनंद लेने के लिए एक बेहतरीन व आधुनिक स्थल मिल सकेगा।

**गुणवत्ता**
□ मुख्य उद्देश्य पार्क के विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जानना और उसकी गुणवत्ता को परखना था

## बापौली अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के विनोद छौक्कर बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 28 मई (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत जिला की बापौली अनाज मंडी आढती एसोसिएशन की मीटिंग निवर्तमान प्रधान दलीप रावल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बापौली अनाज मंडी का सर्वसम्मति से विनोद छौक्कर को प्रधान चुना गया और उनके साथ ईशमपाल व प्रेम गुप्ता सहित कई कमेटी सदस्य चुने गये। वहीं मंडी प्रधान चुने जाने पर विनोद छौक्कर ने मंडी के सभी आढतियों का आभार जताया और कहा कि वे मंडी के सभी आढतियों के साथ मिलकर एसोसिएशन के हित में काम करेंगे। मंडी प्रधान चुने जाने पर विनोद छौक्कर का आढतियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया।



## पानीपत से शुरू हुई इलेक्ट्रिक बसों की नई क्रांति-उपायुक्त डॉ. विरेंदर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 28 मई (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत शहर को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का बड़ा तोहफा मिला, जब अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो का मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर 48 इलेक्ट्रिक बसों को अलग-अलग रूटों के लिए रवाना किया गया। लंबे समय से जिस सुविधा का पानीपत की जनता को इंतजार था, वह आज साकार हो गया। यह डिपो हरियाणा राज्य परिवहन विभाग द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें आधुनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, बस वॉशिंग प्लेटफॉर्म, ईटीपी प्लांट, हाईमास्ट लाइटिंग, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और अत्याधुनिक पार्किंग एवं सकुर्लेशन सिस्टम जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और सुगम सफर मिलेगा। इन बसों में शोर और धुएं का उत्सर्जन न के बराबर होगा, जिससे शहर में वायु




प्रदूषण कम करने में बड़ी मदद मिलेगी। डीजल बसों की तुलना में ई-बसें कार्बन उत्सर्जन को काफी हद तक घटाती हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी और आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। इन बसों के संचालन से यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि पानीपत के लिए यह परियोजना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण हितैषी परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह डिपो न केवल शहर की परिवहन व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि पानीपत को हरित और स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीएम रोडवेज विक्रम कंबोज ने कहा कि इस अत्याधुनिक डिपो में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की गई हैं। यहां स्थापित हाई कैपेसिटी चार्जिंग सिस्टम के माध्यम से इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सुचारु रूप से किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसें न केवल यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाएंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा योगदान देंगी।

**सौगात**
□ पानीपत शहर को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का बड़ा तोहफा मिला

## कार्यशाला में प्राणायाम में निहित पांच प्राणों के विषय पर जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म सिंह जोगनाखेड़ा**
**थानेसर :** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में वीरवार को योग कर्मों में कुशलता है विषय पर विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। योगः कर्मसु कौशलम् भाव के साथ शिक्षकों ने



कार्यशाला में भाग लिया। सीबीएसई द्वारा आयोजित कार्यशाला में योग को केंद्रित किया गया है। वीरवार को कार्यशाला का शुभारंभ योग सत्र से हुआ। इस मौके पर श्री जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष एवं पूर्व आयुक्त टीके शर्मा के कुशल निर्देशन में करीब चार घंटे तक चले इस विशेष सत्र में सर्वप्रथम योग के महत्व एवं अष्टांग योग और उसके नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात प्राणायाम में निहित पांच प्राणों के विषय में विस्तार से समझाया गया। साथ ही ओम शब्द के सही उच्चारण एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। क्रियात्मक सत्र में टीके शर्मा द्वारा अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं विभिन्न योग मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया गया। सत्र के अंत में शिथिलीकरण योग व मेडिटेशन का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय की प्रिंसिपल डा. सुदेश रावल और जयराम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने भी अध्यापिकाओं के साथ सत्र में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर डा. सुदेश रावल ने टीके शर्मा का इस अद्वितीय योग सत्र के लिए आभार व्यक्त किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## भीषण गर्मी से बेहाल वन्यजीव, कलेसर से निकलकर यमुना पहुंचे हाथी

**नितिन सिंगला जगाधरी**
भीषण गर्मी का असर अब कलेसर राष्ट्रीय उद्यान के वन्य जीवों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। जंगल में पीने और नहाने के लिए पर्याप्त पानी व अनुकूल वातावरण नहीं मिलने के कारण जंगली हाथियों का झुंड जंगल से बाहर निकलकर हाईवे पार करते हुए यमुना नदी की ओर रुख कर रहा है। पिछले कई दिनों से हाथियों को यमुना में पानी पीते और नहाते देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले लंबे समय तक हाथी जंगल से बाहर नहीं आए थे, क्योंकि जंगल के भीतर ही उन्हें पर्याप्त पानी और सुविधाएं उपलब्ध



थीं। लेकिन मौजूदा हालात यह संकेत दे रहे हैं कि जंगल में जल स्त्रोत हाथियों की जरूरत पूरी करने में सक्षम नहीं रह गए हैं। इस संबंध में वन्य जीव विभाग के इंस्पेक्टर ज्योतिराम ने बताया कि हाथियों का झुंड अपनी मर्जी से कहीं भी चला जाता है। विभाग की ओर से जंगल में पानी पहुंचाने के लिए टैंकर लगाए गए हैं, जो समय-समय पर जलापूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि हाथियों के लिए नहाने के पानी में किसी प्रकार की कमी है तो उसे भी जल्द पूरा किया जाएगा।

## जिले में चने की खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** जिले में चने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह ने जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर जिले में चने की खेती को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने बारे कहा था। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है की देश के प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज की पैदावार व उपयोग पर विशेष जोर दिया है।

## 6 दिवसीय आर्य वीर दल शिविर का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 28 मई (बिजेंद्र सिंह)।** आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में आयोजित 6 दिवसीय आर्य वीर दल शिविर में महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक परमार आर्य रहे, जबकि महेंद्र सिंह आर्य और उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक सुखबीर सिंह आर्य ने की। उप प्राचार्य जगदीश चहल ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आचार्य राजकुमार शास्त्री ने मंच संचालन के माध्यम से जानकारी



दी। अशोक परमार ने कहा कि भारत वीर भूमि है, यहां समय-समय पर अनेक वीर महापुरुष और बलिदानी पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 नासिक में हुआ था उनके पिता का नाम दामोदर पंत सावरकर था, मां का नाम राधाबाई और पत्नी का नाम यमुनाबाई सावरकर था। उन्होंने वर्ष 1906 में स्वदेशी का नारा दिया और विदेशी कपड़ों की होली जलाई। ओम दत्त आर्य ने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में न केवल उच्च कोटि की वैदिक शिक्षा दी जाती है बल्कि उच्च कोटि के संस्कार देकर एक योग्य नागरिक बनाने का कार्य भी किया जाता है। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने बताया कि इस 6 दिवसीय शिविर में छात्रों को सर्वांग सुंदर व्यायाम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार ,डंबल ,लेजियम, भाला, योगा, पिरामिड,लाठी कमांडो ट्रेनिंग आग का गोला और प्राणायाम के माध्यम से वीर जवान बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह 6 दिवसीय आर्य वीर दल के समापन समारोह का आयोजन 29 मई को 9 बजे किया जाएगा।

**याद किया**
□ महेंद्र सिंह आर्य और उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्षा नियुक्त किए जाने पर दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**लाडवा 28 मई (विजय कौशिक)** भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्षा नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पवन गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कई राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की, जिसमें हरियाणा की कमान डॉ. अर्चना गुप्ता को सौंपना संगठन का एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन



और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। गर्ग ने बताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और संगठनात्मक कार्यों का व्यापक अनुभव रखती हैं। इससे पहले वे भाजपा की प्रदेश महामंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने पानीपत जिले में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा तथा भाजपा जिला अध्यक्षा के पद पर रहते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक जानी-मानी चिकित्सक और रेडियोलॉजिस्ट भी हैं, जिन्होंने सामाजिक और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी अपनी विशेष पहचान बनाई है। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण का लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा। पवन गर्ग ने कहा कि भाजपा हमेशा कर्मठ, अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित सम्मान और जिम्मेदारी देती रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में विकास, संगठन विस्तार और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगी। अंत में उन्होंने डॉ. अर्चना गुप्ता के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।

## धूमधाम से मनाया बकरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के पंचमुखी मंदिर के पास ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद का पर्व धार्मिक आस्था, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। लोगों ने नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे को गले लगाया और ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी।
सुबह निर्धारित समय पर ईदगाह में इमाम मौलवी मुबारक हुसैन द्वारा विशेष नमाज अदा कराई गई।

## पानीपत की डा. अर्चना गुप्ता को मिली हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष की कमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 28 मई (बिजेंद्र सिंह)।** भाजपा ने हरियाणा के संगठन में बदलाव करते हुए पानीपत की डॉ. अर्चना गुप्ता को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने वाली पार्टी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित समस्त राष्ट्रीय नेतृत्व, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल व मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि एक महिला को हरियाणा भाजपा संगठन की कमान सौंपना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें संगठन में भागीदारी देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी दलों ने महिलाओं को उनका अधिकार देने में बाधाएं खड़ी कीं लेकिन भाजपा ने महिलाओं को सम्मान एवं भागीदारी देने का काम किया है।

# डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर लडडू बांटकर मनाई खुशी

**खुशी जताई**

**---- त्यागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद पुनीत राई ने खुशी जताई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को बनाए जाने पर क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं एवं समाज के लोगों में खुशी है । त्यागी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद पुनीत राई ने कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय का स्वागत किया। पुनीत राई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महिला को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि केंद्र नेतृत्व का यह निर्णय प्रदेश की राजनीति में सकारात्मक संदेश देने वाला है। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता और आमजन में इस फैसले को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल है। पुनीत राई ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में विकास और जनहित के कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाएगी। इस मौके पर विनोद कौशिक, राकेश कौशिक, धर्मवीर, विकास त्यागी, संजीव त्यागी, रमेश पांचाल, प्रेम यादव, विजय सैनी, राकेश त्यागी, दीपक भारद्वाज आदि मौजूद थे।

# 11 कर्मियों के भरोसे चल रहा गन्नौर दमकल केंद्र, आग लगने पर बढ़ रही परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गन्नौर दमकल केंद्र इन दिनों स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। केंद्र में तीन दमकल गाड़ियां होने के बावजूद केवल 11 कर्मियों के भरोसे पूरे क्षेत्र की जिम्मेदारी चल रही है। इनमें एक दमकल इंचार्ज और 10 फायरमैन शामिल हैं, जो तीन शिफ्टों में ड्यूटी निभा रहे हैं। हालात यह हैं कि एक शिफ्ट में चार जबकि दो शिफ्टों में केवल तीन-तीन फायरमैन ही तैनात रहते हैं। ऐसे में आगजनी की बड़ी घटनाओं से निपटना दमकल विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आग लगने की घटनाओं के बीच स्टाफ की कमी दमकल केंद्र पर भारी पड़ रही है। कई बार एक साथ दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की



सूचना मिलने पर विभाग को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीमित कर्मचारियों के कारण दोनों जगह समय पर दमकल गाड़ियां पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। बुधवार को भी एक साथ दो स्थानों पर आगजनी हो गई। चिरस्मी गांव में 10-12 बिटौड़ों में आगजनी की सूचना पर दमकल स्टाफ चिरस्मी गांव में पहुंचा तो उसी समय नयाबांस में एक किसान के तूड़े के स्टाक में आग लग गई। ऐसे में विभाग को सोनीपत दमकल केंद्र से गाड़ी मंगानी पड़ी, जबकि चिरस्मी में आग बुझाने के बाद गन्नौर दमकल गाड़ी नयाबांस पहुंची और आग पर किसी तरह काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दूसरे केंद्रों से गाड़ियां आने में समय लग जाता है, जिसके चलते आग कई बार विकराल रूप धारण कर लेती है और लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे दमकल विभाग पर दबाव और बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने भी दमकल केंद्र में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में समय रहते राहत कार्य किया जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्षा नियुक्त किए जाने पर लाड़वा विधानसभा में बांटे लड्डू।

**लाडवा 28 मई (विजय कौशिक):** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्षा की न्युक्ति पर भाजपा लाडवा विधानसभा के गुढ़ा मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र दबखेड़ा ने अपनी मण्डल कार्यकारिणी के साथ लड्डू बांटकर खुशी मनाई। मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र दबखेड़ा ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्षा नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को चार राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की, जिसमें हरियाणा की कमान डॉ. अर्चना गुप्ता को सौंपना संगठन का एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। मण्डल महामंत्री जगदीप व विजय गाभा ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और संगठनात्मक कार्यों का व्यापक अनुभव रखती हैं। इससे पहले वे भाजपा की प्रदेश महामंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने पानीपत जिले में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा तथा भाजपा जिला अध्यक्षा के पद पर रहते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक जानी-मानी चिकित्सक और रेडियोलॉजिस्ट भी हैं, जिन्होंने सामाजिक और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी अपनी विशेष पहचान बनाई है। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण का लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा। मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा ने कहा कि भाजपा हमेशा कर्मठ, अनुभवी और समर्पित कार्यकताओं को संगठन में उचित सम्मान और जिम्मेदारी देती रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में विकास, संगठन विस्तार और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगी। अंत में उन्होंने डॉ. अर्चना गुप्ता के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। इस अवसर पर महामंत्री जगदीप सैनी, महामंत्री विजय गाबा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

### ईद-उल-अजहा पर नमाज अदा कर मांगी देश में अमन-चैन की दुआ

**रादौर, 28 मई (कुलदीप सैनी) :** ईद-उल-अजहा का पर्व रादौर सहित क्षेत्र की अन्य ईदगाहों में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। रादौर स्थित नूर मस्जिद में वीरवार को क्षेत्र के सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद में पहुंचकर ईद की विशेष नमाज अदा की और देश में अमन, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर हाजी सलीम ने कहा कि कि ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि हमें इस पर्व से प्रेरणा लेकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए और समाज में प्रेम, भाईचारे तथा आपसी सौहार्द को मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धर्म हमें इंसानियत और शांति का संदेश देते हैं। समाज में आपसी सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से देश की तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए मिलजुल कर कार्य करने की अपील भी की।

### भाजपा नेता पवन गर्ग ने दी ईंद की बधाई ।

**लाडवा 28 मई (विजय कौशिक)** भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने ईद के अवसर पर ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम परिवारों को दिल से ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने सभी के सुख, शांति, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।
पवन गर्ग ने कहा कि ईद प्रेम, भाईचारे, सौहार्द और आपसी एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी उनका स्वागत किया और एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं। माहौल पूरी तरह भाईचारे और सौहार्द से सराबोर दिखाई दिया।

# हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन बने ईश्वर सिंह पलाका

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 28 मई (कुलदीप सैनी) :** प्रदेश सरकार द्वारा रादौर के पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका को हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वीरवार को उनके निवास पर भाजपा कार्यकताओं, समर्थकों तथा गणमान्य लोगों का बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका ने शीर्ष नेतृत्व का



आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने एक साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर व्यक्त किया है, उस पर वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पलाका ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करवाना रहेगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को काम के दौरान सभी जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि आयोग के माध्यम से सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा और उनके समाधान के लिए सीधे संवाद किया जाएगा। नियमानुसार जो भी संभव होगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. विमल गर्ग, डॉ बलदेव सैनी, पार्षद भगवत दयाल कटारिया, अमित काम्बोज, मंगतराम बठला, गुरदयाल सैनी, विनय जिंदल, सुरेश पलाका, विक्रम वाल्मीकि, मदन पलाका, अमित कांजनू मौजूद रहे।

# महिला ने पड़ोसियों पर लगाए धमकी और अभद्र व्यवहार के आरोप, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 28 मई (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के गांव खुर्दबन निवासी एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले मां-बेटे सहित तीन लोगों पर गाली-गलौज, धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर माया, कोमल और कुलदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी अक्सर उसे परेशान करते रहते हैं। आरोप है कि 18 मई की सुबह माया ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, जबकि कोमल ने घर की खिड़की से पानी का पाइप चला दिया, जिससे घर में रखा सामान खराब हो गया। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ अभद्र इशारे भी किए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसके पति को झूठे मामले में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी दी।
पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन 2 जून से

**गन्नौर:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलूगढ़ी में सत्र 2026-27 के दाखिलों को लेकर आईटीआई विभाग ने नोटिस जारी कर दिया है। संस्थान के इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि हरियाणा के सभी सरकारी और निजी आईटीआई संस्थानों में विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर इंजीनियरिंग ट्रेडों में दाखिले के लिए अज्ञनलाइन आवेदन प्रक्रिया 2 जून से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि दाखिले से संबंधित दिशा-निर्देश, सीटों की जानकारी और संस्थानों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, डोमिसाइल, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, फोटो, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर सहित जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। अशोक कुमार ने कहा कि अभ्यर्थी निशुल्क सहायता के लिए आईटीआई में हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। राजलूगढ़ी संस्थान में वेल्डर, कोपा, प्लंबर, पेंटर, इलेक्ट्रीशियन और फिटर सहित विभिन्न ट्रेडों में दाखिले उपलब्ध हैं।

# माय भारत केंद्र ने मनाई वीर सावरकर की 143वीं जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माय भारत सोनीपत केंद्र द्वारा गांव बजाना खुर्द में स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर की 143वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव की सरपंच ने वीर सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि डा. धर्मबीर मलिक योगी ने युवाओं को संबोधित करते हुए वीर सावरकर के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रवादी विचारों पर प्रकाश डाला।
उन्होंने कहा कि वीर सावरकर




केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि प्रखर चिंतक, लेखक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने युवाओं से उनके साहस, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में युवाओं ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विचार प्रस्तुत किए।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर 30 को


**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
प्रयास इंटरनेशनल स्कूल एवं रोटरी क्लब आफ गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई को विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के निदेशक अमित बत्रा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए अधिक से अधिक रक्त एकत्रित करना है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया।
इस दौरान स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया जाएगा।

# गंदे पानी की निकासी न होने से वार्ड-6 की गली में जलभराव

**भारी परेशानी**

**नालियों की सफाई व्यवस्था बदहाल होने के कारण गली में गंदा पानी जमा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** नगरपालिका वार्ड 6 स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला मंदिर वाली गली में गंदे पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की सफाई व्यवस्था बदहाल होने के कारण गली में गंदा पानी जमा है, जिससे हालात दिन प्रतिदिन



खराब होते जा रहे हैं। गली से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। गोशाला समिति के अध्यक्ष सतपाल शर्मा व स्थानीय निवासी सुरेंद्र और रमेश ने बताया कि लंबे समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही। इसके चलते नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। गर्मी के मौसम में बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि कई बार नगरपालिका प्रशासन को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। गली में जलभराव के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने नगरपालिका से जल्द नालियों की सफाई करवाकर गंदे पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन किया जाएगा।

# डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में और मजबूत होगा संगठन - हैप्पी खेड़ी



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 28 मई (कुलदीप सैनी) :** डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर वीरवार को भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी के नेतृत्व में गांव खेड़ी लखा सिंह स्थित कार्यालय में कार्यकताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर एक कर्मठ और ईमानदार नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिलेगी।

# नगर निगम चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत मिली ऐतिहासिक जीतः मुख्यमंत्री नायब सिंह

**शपथ ग्रहण**

**महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कार्यकर्ता आधारित परंपरा ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत(संजीव कौशिक )** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत कार्यकताओं की अथक मेहनत, समर्पण और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। भीषण गर्मी में भी कार्यकताओं ने दिन-रात जनसंपर्क किया, जिसका नतीजा बड़े अंतर से भाजपा समर्थित महापौर और पार्षदों की जीत के रूप में सामने आया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में नगर निगम सोनीपत के नव-निर्वाचित महापौर राजीव जैन एवं पार्षदों के भव्य शपथ ग्रहण समारोह में संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि नव-निर्वाचित महापौर श्री राजीव जैन एवं सभी पार्षदों को शुभकामनाएं दीं।
मुख्यमंत्री ने कहा, ₹भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है। यहां हर कार्यकर्ता को समय-समय पर अवसर मिलता है। यही लोकतांत्रिक परंपरा भाजपा को अन्य दलों से अलग करती है।₹
उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप पार्टी महिलाओं को नेतृत्व प्रदान कर रही है। डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे लाना भाजपा की प्राथमिकता है।
श्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार और नगर निगम की नई टीम मिलकर सोनीपत के विकास को तीन गुना गति प्रदान करेगी।
शहर में बेहतर सड़कें, स्वच्छता, पेयजल, सीवरेज, बिजली और आधुनिक शहरी सुविधाओं के विस्तार पर तेजी से काम किया जाएगा। उन्होंने महापौर राजीव जैन एवं उनकी टीम से आह्वान किया कि जनता के विश्वास को बनाए रखते हुए पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करें। जनता की

# बाल संस्कार केंद्र : "घर-घर शुरूआत"

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
उत्तरांचल प्रभारी गीता परिवार मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में घर-घर शुरूआत अभियान के अंतर्गत बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ बड़े उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। चार दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, अनुशासन, सेवा भावना एवं आध्यात्मिक संस्कारों का विकास करना है, ताकि वे भविष्य में आदर्श नागरिक बन सकें।
कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण के साथ हुई। गीता परिवार पानीपत द्वारा गीता परिवार का परिचय व उद्देश्य को बताते हुए बच्चों को प्रार्थना, योग, भजन,



प्रेरणादायक प्रसंग, नैतिक शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी गई। बाल संस्कार केंद्र में गीता परिवार के पांच सूत्री कार्यक्रम की जानकारी दी गई, सूर्य नमस्कार को विधिवत करवाया गया। गीता सेवियों ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि अच्छे संस्कार ही उज्ज्वल समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं।
इस अवसर पर अभिभावकों एवं समाज के लोगों से आह्वान किया गया कि वे बच्चों को मोबाइल और नकारात्मक प्रभावों से दूर रखते हुए उन्हें सकारात्मक एवं संस्कारमय वातावरण प्रदान करें। घर-घर शुरूआत अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक संस्कारों की ज्योति पहुँचाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। प्रार्थना के साथ आज के कार्यक्रम का समापन किया गया।

# महापौर ने अवैध पार्किंग की समस्या का तत्काल समाधान करने के दिए निर्देश





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गुरूवार को महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने अमर कॉलोनी वार्ड की नागरिक सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय पार्षद शरद कपूर, लाजपत नगर मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी, स्थानीय आरडब्ल्यूए और क्षेत्र के विभिन्न विभागों के प्रमुख व निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान महापौर प्रवेश वाही ने महान क्रांतिकारी एवं प्रखर राष्ट्र वादी विचारक वीर सावरकर के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका त्याग, साहस और समर्पण सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। महान लेखक स्वतंत्रता सेनानी हिंदू राष्ट्रवादी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक में हुआ। इस अवसर पर सेंट्रल मार्केट लाजपत नगर की एसोसिएशन के सदस्य व स्थानीय आरडब्ल्यूए ने श्री वाही का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं उन्हें क्षेत्र की समस्याओ से अवगत कराया। यहां के निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में हो रही अवैध पार्किंग के चलते दुकानदार,आगंतुकों व स्थानीय लोगों को खासा परेशानी हो रही है और इन पार्किंग में मनमाने पैसे वसूले जा रहे हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए, महापौर ने अधिकारियों को मुख्य सड़कों और मार्केट में अवैध पार्किंग की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए ताकि यातायात जाम से बचा जा सके और पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



संगम पार्क वार्ड में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एमसीडी वार्ड कमिटी चुनाव से तीसरी बार भागी भाजपा सरकार: अंकुश नारंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने एमसीडी के जोन चुनाव बार-बार टलने के पीछे मुख्य वजह भाजपा पार्षदों के अंदर चल रहे जबरदस्त अंतर विरोध बताया है। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा सरकार एमसीडी वार्ड कमिटी चुनाव से तीसरी बार भाग गई। 29 मई को नामांकन और 3 जून को होने वाले वार्ड कमिटी चुनाव को बिना तय प्रक्रिया अपनाए अगले आदेश तक टाल दिया गया। डीएमसी एक्ट की धारा 53(2) साफ कहती है कि चेयरमैन की मंजूरी के बिना न चुनाव की तारीख तय हो सकती है और न ही टाली जा सकती है। फिर निगम सचिव ने किसके इशारे पर



ये फैसला लिया। अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा की चार इंजन सरकार में अंदरूनी लड़ाई, चेयरमैनी की बंदरबांट और खरीद-फरोख्त चरम पर है। एक तरफ भाजपा में जोन चेयरमैन के पद बिक रहे हैं तो दूसरी तरफ उसे कई जोन गंवाने का डर सता रहा है। भाजपा को डर है कि उनके अपने पार्षदों की नाराजगी से जोन उनके हाथ से निकल सकते हैं। भाजपा सत्ता के लालच में लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। अंकुश नारंग ने कहा कि आज निगम सचिव के माध्यम से एक चिट्ठी आई है, जिसमें 3 जून को होने वाले वॉर्ड कमेटी के चुनाव को अगले आदेश तक टाल दिया गया है। इन चुनावों के लिए 29 मई को नामांकन होना था। डीएमसी एक्ट का सेक्शन 53(2) साफ दशार्ता है कि वॉर्ड कमेटी के किसी भी चुनाव की तारीख बिना चेयरमैन की मंजूरी के न तो तय हो सकती है और न ही टाली जा सकती है। सोचने वाली बात है कि फिर निगम सचिव ने आखिरकार यह चुनाव कैसे टाल दिया? अंकुश नारंग ने आगे कहा कि दिल्ली में भाजपा की चार इंजन वाली सरकार है और एमसीडी में भी भाजपा है। भाजपा के अंदर वॉर्ड कमेटी और चेयरमैन के चुनाव को लेकर निगम पार्षदों में भारी आक्रोश है और आपस में लड़ाइयां हो रही हैं। भाजपा चेयरमैनी बेच रही है, जिसकी वजह से उनके पुराने पार्षद खासे परेशान और आक्रोशित हैं। चार जोन आम आदमी पार्टी और आठ जोन भाजपा के पास हैं। पार्षदों की इसी नाराजगी और चेयरमैनी बिकने के कारण भाजपा को यह डर सता रहा है कि कहीं उनके आठ जोन भी उनके हाथ से न निकल जाएं और कुछ अन्य जोन आम आदमी पार्टी के पास न चले जाएं।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने में दिल्ली नगर निगम के छूटे पसीने, उपायुक्त भी हैं बेसुध

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला क्षेत्र में बढ़ता अतिक्रमण अब जनता के लिए जी का जंजाल बन चुका है। आलम यह है कि सड़कों को खाली कराने में नगर निगम के हाथ-पांव फूलने लगे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि नरेला जोन के निगम उपायुक्त इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने के बजाय अपने वातानुकूलित केबिन में आराम फरमा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर, 45 डिग्री की झुलसाने वाली धूप में आम जनता सड़कों पर लगे भीषण जाम में खड़े-खड़े तड़पने को मजबूर है। नरेला मेन मार्केट, रेलवे रोड और बवाना रोड जैसी मुख्य सड़कों से फुटपाथ पूरी तरह गायब हो चुके हैं।

**लामपुर रोड पर दुकानदारों का कब्जा, ई-रिक्शा चालकों की मनमानी**

लामपुर रोड की स्थिति तो बेहद भयावह है। यहां दुकानदारों ने कथित रूप से निगम अधिकारियों से मिलीभगत कर सड़क का आधे से ज्यादा हिस्सा अवैध रूप से घेर रखा है। दुकानों के सामान गोदामों के बजाय सड़कों पर सजे हैं। रही-सही कसर बीच सड़क पर आड़े-तिरछे खड़े होने वाले ई-रिक्शा चालक पूरी कर देते हैं। इस पूरी अव्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन और स्थानीय पुलिस पूरी तरह मौन साधे बैठी है। इसके अलावा सब्जी मंडी,



सफियाबाद मोड़ और मुख्य बाजारों में अवैध ठेलों और रेहड़ियों के कारण रोजाना घंटों लंबा जाम लग रहा है।

नरेला के स्थानीय निवासियों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। लोगों का कहना है कि सड़कों पर बाइक लेकर चलना तो दूर, पैदल चलना भी दूभर हो चुका है। फुटपाथों पर अवैध कब्जों के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को



जान जोखिम में डालकर मुख्य सड़क पर चलना पड़ता है। पीक ऑवर्स (व्यस्त समय) में स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी इमरजेंसी गाड़ियां भी घंटों जाम में फंसी रहती हैं। बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं।

निगम की दो दिन की कार्रवाई फिर वही 'ढाक के तीन पात'। इंदिरा कॉलोनी के निवासी डॉ. विजय पासी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने कई बार नगर निगम और उपायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। अगर कभी दिखावे के लिए निगम का पीला पंजा चलता भी है, तो महज दो दिन बाद ही स्थिति फिर वैसी की वैसी हो जाती है।

**स्वच्छ दिल्ली का दावा नरेला में फेल: जोगिंदर दहिया**

फेडेरेशन ऑफ नरेला सब-सिटी के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया ने दिल्ली सरकार और प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक तरफ दिल्ली सरकार स्वच्छ और सुगम दिल्ली के बड़े-बड़े दावे करती है, तो दूसरी तरफ नरेला में उपायुक्त स्तर पर इतनी ढिलाई क्यों बरती जा रही है? हमें केवल खानापूर्ति नहीं, बल्कि इस समस्या का स्थायी समाधान और रोजाना की मॉनिटरिंग चाहिए।

**डीसी साहब अब तो नींद से जागिए...**


नरेला की त्रस्त जनता अब सीधे उपायुक्त से सवाल पूछ रही है। जहां फुटपाथ पर दुकानें सजी हैं, सड़कों पर गाड़ियां रेंग रही हैं, वहां डीसी साहब का मौन रहना प्रशासनिक नाकामी को दशार्ता है।

जनता त्रस्त है और पूछ रही है, डीसी साहब, अब तो नींद से जागिए! इस अतिक्रमण पर स्थायी कार्रवाई कब होगी।

# अशोक विहार में संपन्न हुआ वृक्षारोपण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आज के आधुनिक युग में युवाओं को सही दिशा दिखाने और समाज के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक नई कम्युनिटी 'डिजिटल डिकोडेड' की शुरूआत की गई है। इस कम्युनिटी का मुख्य लक्ष्य लोगों को आधुनिक कौशल से जोड़ना, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और सभी को उनकी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है।

समाज के प्रति इसी जिम्मेदारी को निभाते हुए भारत नगर कम्युनिटी सेंटर, अशोक विहार में 'डिजिटल डिकोडेड' द्वारा एक सफल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में हर



उम्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

इस अभियान का उद्देश्य न केवल पेड़ लगाना था, बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्या के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक शुद्ध व सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। इस पूरे आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करने में स्थानीय आरडब्ल्यूए का भी संक्षिप्त लेकिन बेहद अहम और सराहनीय सहयोग रहा, जिन्होंने इस नेक काम के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं में अपना पूरा समर्थन दिया। इस पहल की अगुवाई 11वीं कक्षा के छात्र जस वोहरा ने की। उनके नेतृत्व में आन्या, अनिका, तिस्या, दैविक, कियान, अर्श, परिधि, माहीन, गन्या, नित्या, रौनक, धृति, छवि, प्रत्यूष, साक्षात, राजवीर, त्रिमन, अबीर, आदित्य, आफरीन और मानवी जैसे कई उत्साही सदस्यों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया।

इन सभी ने अपने हाथों से पौधे लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण का एक मजबूत संदेश दिया।

**'डिजिटल डिकोडेड' से कैसे जुड़ें?**

'डिजिटल डिकोडेड' सिर्फ एक समूह नहीं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने की एक मुहिम है।

# भलस्वा डेयरी में 'बाला जी फिटनेस जिम' का निगम पार्षद अजीत यादव ने किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भलस्वा डेयरी क्षेत्र के युवाओं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए एक अच्छी खबर है। क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से लैस 'बाला जी फिटनेस जिम' की शुरूआत हो गई है। इसका भव्य उद्घाटन निगम पार्षद अजीत यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर पार्षद अजीत यादव ने जिम के संचालक (ओनर) को इस नई शुरूआत के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में



दीपक पंडित सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और स्थानीय युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ी पूंजी: अजीत यादव**

उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निगम पार्षद अजीत यादव ने स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष जोर दिया।

**आधुनिक मशीनों से युवाओं को मिलेगी मदद**

पार्षद अजीत यादव ने जिम के फायदे बताते हुए कहा कि क्षेत्र में इस तरह के आधुनिक जिम खुलने से स्थानीय युवाओं को कसरत करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। नियमित व्यायाम से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आदर्श नगर क्षेत्र: केवल पार्क में 'सिया-राम' विवाह की धूम, अयोध्या पहुंचने पर भक्तों ने मनाया उत्सव







**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के केवल पार्क स्थित जनता भवन धर्मशाला में इन दिनों अध्यात्म और भक्ति की अविरल धारा बह रही है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित 30 दिवसीय संगीतमय मासपारायण रामायण पाठ के 12वें दिन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता के विवाह का प्रसंग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रस्तुत किया गया। जनकपुर में विवाह संपन्न होने के बाद जब चारों भाई माता सीता और पुत्रवधुओं के साथ अयोध्या पहुंचे, तो पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर समस्त अयोध्यावासियों के रूप में मौजूद श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़े बजाकर और झूमकर अपनी खुशियां प्रकट कीं।

**प्रभु राम की कृपा से खचाखच भर रहा परिसर, उमड़ रहा जनसैलाब**

इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों की संख्या में रामभक्त जनता भवन पहुंचकर धर्म लाभ उठा रहे हैं। प्रभु राम जी की अलौकिक कृपा से पूरा परिसर भक्तों से खचाखच भरा नजर आता है। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से ही क्षेत्र की धर्मप्रेमी महिलाएं और पुरुष रामायण पाठ का रसपान करने के लिए आयोजन स्थल पर पहुंचने लगते हैं। आयोजन के मार्गदर्शक सुनील अग्रवाल, अशोक गर्ग और जय नारायण गर्ग ने संयुक्त रूप से बताया कि चारों भाइयों का अयोध्या पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर हर कोई भाव-विभोर हो उठा।

**दिन-प्रतिदिन बढ़ रही भक्तों की संख्या, सहयोगियों का हो रहा सम्मान**

संस्था के उपप्रधान महंत अनिल शर्मा, महावीर गर्ग, अमित गर्ग, सहसचिव प्रवीण गोयल, सलाहकार अनिल गोयल, अमित गुप्ता और स्वागताध्यक्ष राकेश गर्ग ने बताया कि पाठ में आने वाले भक्तों की संख्या दिन-पर-दिन लगातार बढ़ती जा रही है।

इतने बड़े और भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था के पदाधिकारी रोजाना पाठ में आने वाले क्षेत्र के गणमान्य लोगों, समाजसेवियों और सहयोगी बंधुओं को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित कर रहे हैं।

**युवा टीम संभाल रही व्यवस्था की कमान**

30 दिनों तक चलने वाले इस विशाल और संगीतमय पाठ की सबसे खूबसूरत झलक यहां की व्यवस्थाओं में देखने को मिल रही है। आयोजन समिति की युवा टीम बेहद शालीनता और तत्परता के साथ व्यवस्था संभाल रही है। आने वाले हर एक भक्त के बैठने के उचित प्रबंध से लेकर, अनुष्ठान की गरिमा बनाए रखने और सुचारू रूप से प्रसाद वितरण की पूरी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है, जिसे वे बखूबी निभा रहे हैं।

# हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के चुनाव में जसविंदर सिंह बने प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स संगठन, जिला कुरुक्षेत्र के चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। बुधवार को केशव सदन में हुए प्रधान पद के चुनाव में डाइट पलवल के प्राचार्य श्री जसविंदर सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी राजेश सैनी को 27 वोटों के बड़े अंतर से हराकर जीत हासिल की।



**94% से अधिक मतदान, 27 वोटों से मिली जीत**

चुनाव अधिकारी जगदीश चंद्र ने जानकारी दी कि संगठन के कुल 90 सदस्यों में से 85 अधिकारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदान 94.4% रहा। मतगणना में जसविंदर सिंह को 56 वोट मिले, जबकि राजेश सैनी 29 वोट ही हासिल कर सके। इस तरह जसविंदर सिंह ने 27 मतों से एकतरफा जीत दर्ज की।

**DEO ने सौंपा जीत का प्रमाण पत्र**

परिणाम घोषित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक ने नवनिर्वाचित प्रधान जसविंदर सिंह को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर उन्होंने कहा, प्रधान का पद जिम्मेदारी का पद है। नवनिर्वाचित प्रधान से अपेक्षा है कि वे सभी साथियों को साथ लेकर चलें, संगठन को मजबूत करें और शिक्षा विभाग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से पक्ष रखें।₹

**समर्थकों में जश्न, फूल-मालाओं से स्वागत**

जीत की घोषणा होते ही जसविंदर सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

जिला परियोजना संयोजक, उप जिला शिक्षा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी तथा जिले भर के प्राचार्यों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

**सभी के सहयोग से संगठन को नई ऊंचाई दूंगा : जसविंदर सिंह**

नवनिर्वाचित प्रधान जसविंदर सिंह ने कहा, ₹यह जीत सभी वरिष्ठ प्राचार्यों, शिक्षा अधिकारियों और विद्यालय प्रमुखों के विश्वास की जीत है। मैं सभी का आभारी हूं। संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षक हितों की रक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार है। सभी साथियों के सहयोग से हम संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

**शांतिपूर्ण रहा चुनाव**

चुनाव अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सभी अधिकारियों ने अनुशासन के साथ मतदान में भाग लिया।

जीत की पटकथा डॉ गिरधारी लाल शर्मा, श्री अनिल गर्ग, श्री अश्वनी कौशिक, डॉ सुनील कौशिक, श्री सुखदेव ढींढसा, श्री अर्जुन जी ,श्री राजिंदर भट्टी, श्री रामपाल सरोहा के द्वारा रचित की गई।

## सेक्टर-6 पंचकूला में किया 33 कर्मचारियों ने रक्तदान



**पंचकूला 28 मई मैनपाल :** भीषण गर्मियों की वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए एचएसआईआईडीसी सेक्टर 6 पंचकूला द्वारा इन-हाउस रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह रक्तदान शिविर विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला के सहयोग से लगाया गया। कैम्प में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा पंचकूला का एहम योगदान रहा। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर के सफल आयोजन में एचएसआईआईडीसी से दिव्या कमल ईडी, विशाल मागों डीजीएम, रितू नैन एसएम, दिनेश कुमार एसएम, रशपाल क्लर्क, महेश पाठक एएम, उर्मिल देवी रीसेप्शनिस्ट व अन्य स्टाफ का सहयोग अति सराहनीय रहा। ब्लड बैंक सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला की टीम ने इंचार्ज डॉक्टर अमित सम्मी की देखरेख में 33 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

डॉक्टर अमित सम्मी ने बताया की कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है।

## न्यूज फ्लैश

### पंचकूला में नशे के खिलाफ एक माह का विशेष अभियान “MAIDAN 2.0” शुरू



**पंचकूला, 28 मई मैनपाल ।** पंचकूला पुलिस ने जिले में नशा तस्करी और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से एक माह का विशेष अभियान ह्लटअकऊअठ 2.0ह्व शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा नशा तस्करों, संदिग्ध गतिविधियों और अवैध संपत्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर पंकज नैन की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में डीसीपी पंचकूला, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक, एएनसी इंचार्ज और नशा मुक्त टीमों के प्रभारी शामिल हुए। बैठक में जिले के चिन्हित नशा हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

पुलिस द्वारा हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई जाएगी तथा ड्रोन कैमरों के माध्यम से पार्कों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा नशा तस्करी से जुड़े अपराधियों, पैरोल पर बाहर चल रहे आरोपियों और पिछले वर्षों में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार लोगों की गतिविधियों पर भी पुलिस पैनी नजर रखेगी।पुलिस ने दवा विक्रेताओं की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने और संदिग्ध गतिविधियां पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं नशे के आदी लोगों की पहचान कर उन्हें नशामुक्ति केंद्रों में भर्ती करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि नशा तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों की पहचान कर उन्हें कुर्क या ध्वस्त करने की कार्रवाई भी अभियान के दौरान प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि नशा मुक्त पंचकूला बनाने के लिए पुलिस का सहयोग करें।

### डीएस ग्रुप और प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांड बेन्स कुकीज के बीच एक्सक्लूसिव साझेदारी, भारत में होगी एंट्री

**नई दिल्ली:** भारत के प्रमुख एफएमसीजी और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने ब्रिटेन के लोकप्रिय बेक्ड ट्रीट्स और डेजर्ट क्यूएसआर ब्रांड, बेन्स कुकीज के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के जरिए इस प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांड की भारतीय बाजार में एंट्री होने जा रही है। साल 1983 में ऑक्सफोर्ड से शुरूआत करने वाले बेन्स कुकीज ने अपनी खास चंकी और गूई टेक्सचर वाली कुकीज के लिए दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की है। यह साझेदारी बेन्स कुकीज के पारंपरिक और गुणवत्ता-केंद्रित दृष्टिकोण को भारतीय बाजार में लेकर आया है जिसके तहत भारत में एक खास बेकरी-फर्स्ट रिटेल फॉर्मेट पेश किया जाएगा। जो स्टोर में ताजगी और सरल, शुद्ध सामग्री को प्राथमिकता देता है। ब्रांड की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए, बेन्स कुकीज भारतीय बाजार में अपने लॉन्च के साथ पसंदीदा फ्लेवर्स की एक विविध श्रृंखला पेश करेगा, जिसमें क्लासिक मिल्क चॉकलेट चंक, व्हाइट चॉकलेट एंड मैकाडामिया, और जिंजर एंड डार्क शामिल हैं। साथ ही, यहाँ विशेष रूप से एक एगलेस (बिना अंडे का) वैरिएंट भी उपलब्ध कराया जाएगा। ताजा बेक किए गए ट्रीट को चाहने वालों के साथ-साथ ब्रांड आकर्षक गिफ्टिंग सॉल्यूशंस भी प्रदान करेगा, जो त्योहारों और कॉर्पोरेट अवसरों पर साझा करने के लिए एकदम परफेक्ट विकल्प होंगे। यहाँ एक सिंगल कुकी (प्रति कुकी) की शुरूआती कीमत 325 होगी, जबकि गिफ्टिंग विकल्पों की कीमत 1500 से अधिक तक जाएगी। इस साझेदारी का लक्ष्य देशभर के कुकी प्रेमियों तक गुणवत्ता और ताजगी का प्रीमियम स्तर पहुँचाना है। इस अवसर पर बेन्स कुकीज इंडिया की संस्कृति गुप्ता ने दोनों संस्थाओं के बीच तालमेल पर जोर देते हुए कहा, भारत में बेन्स कुकीज का आगमन, प्रीमियम फूड रिटेल सेक्टर में डीएस ग्रुप के रणनीतिक विस्तार का एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर अजय मित्तल ने दी बधाई

**पंचकूला, मैनपाल**



भाजपा पंचकूला के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अजय मित्तल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता भाजपा की वरिष्ठ एवं समर्पित महिला कार्यकर्ता हैं। उन्होंने जिला एवं प्रदेश स्तर पर विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ-साथ अपने विनम्र स्वभाव, सकारात्मक सोच एवं कार्यकताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार के कारण संगठन में बेहद लोकप्रिय हैं। अजय मित्तल ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी।

## अनिल विज का सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने आभार जताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा अम्बाला छावनी के मच्छौंडा में नया 'मच्छौंडा सब डिवीजन' मंजूर करवाने पर मच्छौंडा, शाहपुर, चंद्रपुरी, सुंदर नगर व अन्य क्षेत्रों से भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने उनका आभार जताया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि नए सब डिवीजन के बनने से स्थानीय निवासियों को काफी फायदा होगा और उन्हें अपने कार्यों के लिए रेलवे लाइन पार नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज दूरदर्शी सोच की बदौलत क्षेत्रवासियों को वहीं बैठे सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रेलवे लाइन के दूसरी ओर स्थित मच्छौंडा, शाहपुर, चंद्रपुरी, सुंदर नगर व क्षेत्रों के लिए ढेरों विकास कार्य किए हैं जिनका जनता को आज लाभ मिल रहा है। सीवरेज, लाइटें, सड़क, पुल व अन्य ढेरों विकास कार्य यहां पर हुए है जोकि आजादी के बाद आई पूर्व सरकारों ने कभी नहीं करवाए। मंत्री अनिल विज ने भाजपा सरकार आते ही विकास के द्वार इन क्षेत्रों में खोल दिए जिसका क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन बलविंद्र सिंह शाहपुर, शास्त्री मंडल प्रभारी विपिन्न खन्ना व प्रधान प्रवेश शर्मा, पार्षद बलजिंद्रपाल सिंह, महासचिव तरविंद्र सिंह के अलावा भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, अंग्रेज सिंह, मलकीत सिंह, परमजीत सिंह, स्वर्ण सिंह, काला सिंह, बब्लू राणा, मोहिंद्र सिंह, सुनील शाक्य, राजबीर सिंह, करण शेरगिल, रंधीर सिंह, रणबीर सिंह गुड्?डू, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे। अनिल विज से उनके आवास पर शाहपुर निवासी महिला मुक्केबाज हरनूर कौर ने मंत्री अनिल विज से आशीर्वाद लिया। हरनूर कौर ने गत दिनों उज्बेकिस्तान के ताशकंद में संपन्न हुई एशियन बाक्सिंग चैम्पियनशिप में 66 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीता था।

## मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा जनसंचार संस्थान: सुनित मुखर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क निदेशक सुनित मुखर्जी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया टेक्नोलॉजी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संस्थान में उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनको मीडिया संस्थान में शुरू होने वाले पाडकास्ट का पोस्टर भी भेंट किया गया।

एमडीयू के जनसंपर्क निदेशक सुनित मुखर्जी ने संस्थान की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान विद्यार्थियों को मीडिया जगत में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक संसाधनों और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

संस्थान निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने सुनित मुखर्जी को श्रीमद्भगवद्गीता एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए टीवी एवं रेडियो स्टूडियो, केयू न्यूज लेटर तथा मीडिया से जुड़ी आधुनिक सुविधाओं से अवगत कराया।

## फर्जी प्लॉट सौदे के नाम पर 10 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था।

पुलिस के अनुसार कालका निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसकी पहचान लेखराज नामक व्यक्ति से थी। लेखराज ने उसे एक प्लॉट खरीदने का प्रस्ताव दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात विमल राय उर्फ मंगा से हुई, जिसने खुद को मकान मालिक बताते हुए भरोसे में लिया।

## 1702 ब्लॉकों में जनगणना के पहले फेज का कार्य हुआ पूरा: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**पहला फेज**

**जनगणना के लिए 1704 ब्लॉकों में बांटा गया है, इनमें से 1702 ब्लॉकों में जनगणना का कार्य पूर्ण कर लिया**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि देशव्यापी जनगणना के पहले फेज के कार्य को जिला कुरुक्षेत्र में 99.88 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है। जिले को जनगणना के लिए 1704 ब्लॉकों में बांटा गया है, इनमें से 1702 ब्लॉकों में जनगणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य करने के लिए 30 मई तक का समय निर्धारित किया गया है, जिसे समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ सबसे पहले कार्य को पूरा करने वाले प्रगणकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। स्व-गणना के चरण के बाद प्रगणकों द्वारा अब घर-घर जाकर गणना का कार्य किया जा रहा है जो कि 30 मई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसे किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करने में जिला के प्रत्येक परिवार ने पूरा सहयोग दिया। सभी नागरिकों को इस लिए प्रशासन धन्यवाद करता है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है। इसी के आधार पर देश के विकास की नीतियां और संसाधनों का वितरण तय होता है। जनगणना अधिकारियों को जानकारी देने से मना करना या उनके साथ असहयोग करना जनगणना अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। जनगणना 2027 से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आमजन राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन 1855 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस टोल फ्री हेल्पलाईन के माध्यम से अपने गृह पंजीकरण और आवास जनगणना कार्यों से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर अपनी भाषा में प्राप्त कर सकते हैं।

## सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट का अनोखा सेवा कार्य



**पंचकूला मैनपाल ,** सेक्टर-3 स्थित जिमखाना क्लब के सामने सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हरियाणा सरकार की भर्तियों में भाग लेने आए युवाओं के लिए लगातार निःशुल्क भंडारे एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज इस सेवा कार्य का लगातार अठ्ठतीसवां दिन रहा।

समाज में अक्सर एक-दो दिन के भंडारे लगाए जाते हैं, लेकिन लगातार 38 दिनों तक हजारों युवाओं के लिए निःस्वार्थ भाव से भोजन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना अपने आप में एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल बन गई है। ट्रस्ट का यह सेवा कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसकी सराहना कर रहे हैं।

ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन हरियाणा के अलग-अलग गांवों, कस्बों और जिलों से भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने आने वाले हजारों युवाओं के लिए भोजन, स्वच्छ पेयजल, चाय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। भीषण गर्मी के बीच यह सेवा शिविर युवाओं के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है।

ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले कई युवाओं को खाने-पीने और आराम जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी उद्देश्य से मानव सेवा की भावना के साथ यह भंडारा शुरू किया गया, जिसे समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

इस सेवा कार्य में ट्रस्टी मुकेश सिंगला, नरेश मित्तल, संवरा, अक्षय कौशिक, नरेश गोयल, दीपक बंसल, मुदिता शर्मा, संजीव राणा, भूरा, कपिल भट सहित अन्य समाजसेवी बढ़-चढ़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सभी सदस्य प्रतिदिन स्वयं मौजूद रहकर युवाओं की सुविधा का विशेष ध्यान रख रहे हैं।

## सुपर-100 संस्थान के विद्यार्थी अपनी दिक्कत या परेशानी को सीधे जिला शिक्षा अधिकारी को बताएं: विनोद कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि हरियाणा सुपर-100 संस्थान बारना में पढने. वाले विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी होने पर वो सीधे जिला शिक्षा विभाग को सूचित कर सकते हैं। परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसएचओ, टोल फ्री नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर भी अंकित किए जाएंगे। शिक्षा विभाग की टीम समय समय पर संस्थान का दौरा करके बच्चों से समस्याओं को जाना करेगी।

डीईओ ने अभिभावकों से अपील की है कि वो बच्चों के साथ बातचीत करने के लिए संस्थान के दिए समय के अनुसार मिलें।

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक वीरवार को हरियाणा सुपर 100 संस्थान बारना में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिद्धू भी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने संस्थान में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही बच्चों से दिक्कत व परेशानियों को भी जाना। मौके पर ही विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी व एसएचओ ने अपने-अपने फोन नंबर भी साझा किए। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं बेहतर ढंग से मुहैया करवाई जा रही है। संस्थान में 13 मई से नया बैच शुरू हुआ है, जो बच्चे इस बैच में आए है, उनमें से 4-5 बच्चों को परिवार के बीच से संस्थान में रहने में परिवारजनों की याद आना ही एकमात्र कारण सामने आया है।

## हवन की पूर्णाहुति से हुआ कथा का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़ । शहर के रेलवे रोड स्थित मास्टर कॉलोनी के किशोरी कुंज में श्रीमती कौशल्या देवी शिव मंदिर ट्रस्ट एवं कॉलोनी के सभी भक्तों की ओर से चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानोत्सव पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन पंडित रामनिवास शास्त्री के द्वारा हवन-पूजन एवं व्यास पूजा से करवाया गया। इससे पूर्व वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास श्री अक्षय कृष्ण ठाकुर जी महाराज के द्वारा सातवें दिन की भागवत कथा में श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट ने सुंदरपूर में लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद बनकर उभर रही हैं।

ह्यस्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियानह्ण के अंतर्गत वीरवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट थानेसर विधानसभा क्षेत्र में सुंदरपुर पहुंची, जहां ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। डॉ. पूर्णमल के अनुसार शिविर के दौरान ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 73 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 5 लोगों के रक्त परीक्षण भी मौके पर ही किए गए। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन की यह पहल लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक कर रही है।

उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में वर्तमान में पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स लगातार सेवाएं दे रही हैं, जिससे दूरदराज के गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो रही है।

# योगी सरकार में स्पोर्ट्स कॉलेजों का बढ़ा क्रेज, 518 सीटों के लिए करीब 2600 आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में खेल संस्कृति को नई पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। योगी सरकार की खेलोन्मुख नीतियों और आधुनिक सुविधाओं का ही असर है कि सत्र 2026-27 में स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस बार प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों की 518 सीटों के लिए करीब 2600 छात्रों ने आवेदन कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश के युवा अब खेलों को केवल शौक नहीं, बल्कि अपने भविष्य और करियर के रूप में देखने लगे हैं।

**पिछले साल 1800 के करीब आए थे आवेदन**

लखनऊ, गोरखपुर, सैफई, सहारनपुर और फतेहपुर समेत कुल 5 स्पोर्ट्स कॉलेज में कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इस साल 2600 के करीब आवेदन आये हैं। जबकि पिछले साल 1800 के करीब आवेदन आए थे। इतनी बड़ी संख्या में आए आवेदन यह साबित करते हैं कि प्रदेश के युवाओं का भरोसा सरकारी खेल संस्थानों पर तेजी से बढ़ा है। इस बार चयन प्रक्रिया को पूरी तरह मेरिट और प्रदर्शन आधारित बनाया गया है। प्रारंभिक चयन परीक्षा 100 अंकों की रखी गई थी, जिसमें 50 अंक



फिजिकल टेस्ट और 50 अंक स्किल एवं गेम टेस्ट के निर्धारित किए गए। दोनों परीक्षाओं में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य किया गया था।

**3 से 6 जून के बीच होगी मुख्य चयन परीक्षा**

प्रारंभिक परीक्षा में सेलेक्ट होने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य चयन परीक्षा में शामिल किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा में लखनऊ और कानपुर मंडल में पिछले साल 264 खिलाड़ी शामिल हुए थे, जिसके सापेक्ष में इस वर्ष 393 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। मुख्य चयन परीक्षा भी 100 अंकों की होगी, जिसमें खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता और खेल कौशल का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। खेलवार एवं कॉलेजवार मुख्य चयन परीक्षा का आयोजन 3-4 जून तथा 5-6 जून को किया जाएगा। इसमें फिजिकल टेस्ट के 50 अंक और गेम व स्किल टेस्ट के 50 अंक निर्धारित किए गए हैं।

**खेल साथी पोर्टल**

मुख्य चयन परीक्षा का परिणाम खेल साथी पोर्टल पर जारी किया जाएगा और चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**परीक्षा में पास अभ्यर्थियों की होगी जैविक आयु जांच**

फिजिकल टेस्ट में न्यूनतम 40 प्रतिशत यानी 20 अंक प्राप्त करना जरूरी होगा। खेल विशेषज्ञ मैदान पर अभ्यर्थियों की प्रतिभा का परीक्षण करेंगे। इसमें खेल तकनीक परीक्षा (स्किल टेस्ट) के लिए 30 अंक और गेम टेस्ट के लिए 20 अंक निर्धारित किए गए हैं। प्रदर्शन के आधार पर विशेषज्ञ अंक देंगे। मुख्य चयन परीक्षा का परिणाम खेल साथी पोर्टल पर जारी किया जाएगा और चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। मुख्य चयन परीक्षा के बाद अंतिम श्रेष्ठता सूची तैयार कर कॉलेज वेबसाइट, खेल साथी पोर्टल पर जारी किया जाएगा।

# पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, पौध कीट नियंत्रण पर भी मास्टर डिग्री और पी.एच.डी. की होगी शुरूआत: नायब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन,पौध कीट नियंत्रण और रोगों के नए विषयों पर भी मास्टर डिग्री और पी.एच.डी. की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने 14 हॉर्टिकल्चर साइंस सेंटर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय को समर्पित किए और कहा कि ये केंद्र किसानों तक नवीनतम तकनीकों व गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री पहुंचाने और वैज्ञानिक परामर्श देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल व लेफ्टिनेंट अमित मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह राष्ट्रीय



सम्मेलन अमृतकाल में बागवानी फसलों के लिए गुणवत्ता युक्त बीज एवं रोपण सामग्री का रणनीतिक प्रतिमान विषय पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने इस समारोह में बागवानी वैज्ञानिक व प्रगतिशील किसानों को शील्ड, शाल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में बागवानी विश्वविद्यालय के उप कुलपति डा. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री, विधायकगण व अन्य अतिथियों को महाराणा प्रताप की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन कहा कि भारत विश्व में फलों व सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। देश में प्रतिवर्ष लगभग 360 मिलियन टन से अधिक बागवानी उत्पादन होता है। आज भारत आम, केला, अमरूद, अनार जैसे फलों और आलू, प्याज सहित कई अन्य सब्जियों के उत्पादन में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। लेकिन, यह भी सच है कि उत्पादन के बावजूद गुणवत्ता, ग्रेडिंग, रोगमुक्त पौध सामग्री और पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन की कमी के कारण हमें

**नवाचार**

14 हॉर्टिकल्चर साइंस सेंटर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय को समर्पित किए

भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का शिलान्यास स्वयं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 दिसंबर, 2024 को किया गया था। इतने कम समय में इस विश्वविद्यालय ने जो मुकाम हासिल किया है वह असाधारण है। शिक्षा हो, अनुसंधान हो या किसान सेवा हर क्षेत्र में इस संस्थान ने अपनी अलग पहचान बनाई है। यहाँ विकसित तकनीकें, यहाँ के प्रशिक्षण कार्यक्रम और किसानों के साथ निरंतर संवाद यह सब मिलकर हरियाणा की बागवानी क्रांति को एक नई ऊर्जा, एक नई रफ्तार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया इस बात को स्वीकार कर रही है कि गुणवत्तायुक्त बीज और पौध से कृषि उत्पादकता में 15 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। इसलिए गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री, वैज्ञानिक प्रबंधन और आधुनिक सप्लाई चेन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत और वैज्ञानिकों के अनुसंधान ने देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाया है। लेकिन, आज समय की मांग बदल रही है। इस वित्त वर्ष के बजट में सभी जिलों में स्मार्ट बागवानी तकनीकों जैसे संरक्षित खेती एरोपोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीन हाउस, वर्टिकल फार्मिंग व ई-पेस्ट के अंतर्गत कुल 1,000 एकड़ क्षेत्र को लाने का भी प्रावधान किया है।

# वनांचल के बेटे ने आईएफएस बनकर रचा नया इतिहास, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

**परचम लहराया**

अजय गुप्ता ने केवल अपने माता-पिता का ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है: साय



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए चयनित रायगढ़ जिले के संबलपुरी गांव निवासी अजय गुप्ता ने बुधवार देर शाम सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने अजय को भारतीय वन सेवा में चयनित होने पर बधाई देते हुए इसे पूरे छत्तीसगढ़, विशेषकर वनांचल क्षेत्र के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अजय गुप्ता ने केवल अपने माता-पिता का ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रेरणादायी है कि एक ऐसा युवा, जिसने बचपन में जंगलों में तेंदूपत्ता और महुआ संग्रह कर परिवार का हाथ बंटाया, आज उन्हीं जंगलों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी निभाने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि बताती है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि अवसर और संकल्प मिल जाए तो दूरस्थ अंचलों के युवा भी देश की सर्वोच्च सेवाओं में अपनी जगह बना सकते हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की 'लघु वनोपज संघ छात्रवृत्ति' तथा 'पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति' जैसी योजनाओं ने अजय जैसे प्रतिभाशाली युवाओं की राह आसान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अजय की सफलता वनांचल समाज के सपनों, संघर्ष और आत्मविश्वास की जीत है तथा यह हजारों युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस देगी। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के संबलपुरी गांव में साधारण परिवेश में पले-बढ़े अजय गुप्ता का बचपन जंगलों, वनोपज संग्रहण और खेती-किसानी के बीच बीता।

# ठाकुरगंज के विकास को लेकर भाजपा नेता ने सीएम को सौंपा मांग पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**किशनगंज।** ठाकुरगंज प्रखंड के सर्वांगीण विकास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर भाजपा जिला प्रवक्ता कौशल किशोर यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में क्षेत्र की जनहित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं और विकास योजनाओं को प्रमुखता से उठाया गया है। कौशल किशोर यादव ने मुख्यमंत्री से ठाकुरगंज में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने की मांग की है।

उनका कहना है कि सीमांचल क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में लोगों को बाहर जाना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज बनने से स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। मांग पत्र में ठाकुरगंज को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग भी

**विकास पर बल**

मांग पत्र में क्षेत्र की जनहित से जुड़ी समस्याओं और विकास योजनाओं को प्रमुखता से उठाया गया

शामिल है। इसके अलावा बूढ़ी डांगी नदी से अतिक्रमण हटाकर उसके जीर्णोद्धार की दिशा में ठोस पहल करने की अपील की गई है, ताकि बाढ़ और जलजमाव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने ठाकुरगंज शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए रेलवे ओवरब्रिज निर्माण तथा मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण की भी मांग उठाई। वहीं कृषि और बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ठाकुरगंज को पाइनएप्पल सिटी ऑफ बिहार के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया गया है।

# दूरस्थ क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी दूर करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: उप मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरुवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, अधोसंरचना विकास एवं मानव संसाधन संबंधी विषयों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण कार्यों की प्रगति, चिकित्सालयों के संधारण



एवं रख-रखाव, सागर स्थित कैंसर हॉस्पिटल हेतु पदों की स्वीकृति, प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण (लैब स्ट्रेंथनिंग) और स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने संबंधी विषयों की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि अंडर सर्व्ड एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि अंतिम पंक्ति तक गुणवत्तापूर्ण

**विस्तृत समीक्षा**

विभिन्न योजनाओं, अधोसंरचना विकास एवं मानव संसाधन संबंधी विषयों की विस्तृत समीक्षा की

स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि केवल चिकित्सकों की उपलब्धता ही नहीं, बल्कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता भी सशक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में प्रभावी एवं ठोस प्रयास किए जाएँ। सीएम केयर्स के अंतर्गत अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) से जुड़े प्रकरणों में अतिरिक्त व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधी विषय पर भी चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक प्रावधान किए जाएँ। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर उपचार पैकेज को शामिल किए जाने हेतु आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे कैंसर रोगियों को उपचार में अधिक आर्थिक सहायता मिल सके और गुणवत्तापूर्ण उपचार तक उनकी पहुँच आसान हो।

**स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सहज एवं संवेदनशील बनाएं**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विभागीय स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सहज एवं संवेदनशील बनाए जाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गंभीर बीमारी, पति-पत्नी की एक ही स्थान पर पदस्थापना,

# मंत्री ए.के. शर्मा ने अत्याधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम प्लांट का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** शहर को स्वच्छ, हरित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में लखनऊ नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने जोन-4 के भैंसोरा स्थित आधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम प्लांट का उद्घाटन किया। लगभग नौ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन लगभग 150 टन कूड़े के निस्तारण की है। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार भी उपस्थित रहे।

# मनोहर लाल ने भलस्वा डंपसाइट का दौरा कर कार्यों की समीक्षा की

**समीक्षा की**

मनोहर ने भलस्वा डंपसाइट का दौरा कर अपशिष्ट निस्तारण और भूमि पुनः प्राप्ति कार्यों की समीक्षा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने भलस्वा डंपसाइट का दौरा कर वहां चल रहे अपशिष्ट निस्तारण और भूमि पुनः प्राप्ति कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से हो रही अपशिष्ट निस्तारण प्रक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप है। भलस्वा डंपसाइट को मंत्रालय ने कचरा स्थल निस्तारण एवं कार्य योजना (डीआरएपी) पहल के तहत अपनाया है। यह मिशन मोड कार्यक्रम देशभर के बड़े पुराने कचरा स्थल को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कर 'लक्ष्य शून्य कचरा स्थल' हासिल करने पर केंद्रित है। उन्होंने सितंबर 2025 में इस साइट को औपचारिक रूप से अपनाने की घोषणा की थी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि जून 2022 में यहां लगभग 73 लाख मीट्रिक टन अपशिष्ट था। जुलाई 2022 से प्रतिदिन लगभग 15 हजार मीट्रिक टन अपशिष्ट का जैव अपशिष्ट खनन किया जा रहा है। 26 मई 2026 तक शेष अपशिष्ट घटकर लगभग 23.17 लाख मीट्रिक टन रह गया है। अब तक करीब 43 एकड़ भूमि पुनः प्राप्त की जा चुकी है, जबकि कुल क्षेत्रफल लगभग 70 एकड़ है। मनोहर लाल ने समीक्षा के दौरान जैव अपशिष्ट खनन कार्यों, पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों, अग्नि रोकथाम, रिसाव (लीचेट) प्रबंधन और संपूर्ण निस्तारण रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने सितंबर तक कचरा स्थल की पूरी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सीएम ने सौर जागरूकता स्मारिका का किया विमोचन, कहा- हरित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में काउंसिल ऑन एनर्जी, इन्वायरमेन्ट एण्ड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की ओर से तैयार सौर जागरूकता स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक पुस्तिका का विमोचन नहीं, बल्कि उत्तराखंड के उज्ज्वल, आत्मनिर्भर और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में सौर ऊर्जा केवल एक विकल्प



नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जो देश के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य ने 40 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्रों का अपना प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित समय से पहले प्राप्त कर लिया है तथा निर्धारित लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखण्ड देश के शीर्ष राज्यों की श्रेणी में

**जलवायु परिवर्तन**

वर्तमान समय में पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा

पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 से अब तक मात्र दो वर्षों में राज्य ने सौर ऊर्जा क्षमता में लगभग 10 गुना वृद्धि दर्ज की है। उत्तराखंड लगभग 290 मेगावाट क्षमता के रेजिडेंशियल रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने में सफल हुआ है। उन्होंने इसे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

मुख्यमंत्री ने यूपीसीएल, उरेडा, क्षेत्रीय अधिकारियों और इस अभियान से जुड़े सभी विभागों एवं संस्थाओं के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता टीम उत्तराखंड की सामूहिक प्रतिबद्धता और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित सौर कौथिग, व्यापक जन-जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक और अधिकारियों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने सीईईडब्ल्यू की टीम के सहयोग और योगदान की भी सराहना की।

# ओडिशा सिविल सर्विस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बुबुन को सीएम ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को लोकसेवा भवन में ओडिशा सिविल सर्विस परीक्षा-2024 में प्रथम स्थान हासिल करने वाले केंदुझर जिले के आनंदपुर उपखंड अंतर्गत तेलंकपड़ा गांव के बुबुन साहू को सम्मानित किया और उनकी उल्लेखनीय सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा ही प्रशासन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि लोगों के कल्याण, सुशासन और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाएं पहुंचाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही समाज के बच्चों,



महिलाओं तथा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने बुबुन साहू को एक अच्छे प्रशासक के साथ-साथ एक अच्छे इंसान के रूप में स्वयं को विकसित करने की सलाह भी दी।